Main Test Booklet No.
मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या

This Booklet contains **64** printed pages.
इस पुस्तिका में **64** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# ACF-26-II

**PAPER II / प्रश्न-पत्र II**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Main Test Booklet Code**
**मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड**

**R**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the OMR Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue / black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue / Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the OMR Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **R**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the OMR Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part I | : Child Development and Pedagogy | *(Q. Nos. 1 – 30)* |
| Part II | : Mathematics and Science | *(Q. Nos. 31 – 90)* |
| Part III | : Social Studies / Social Science | *(Q. Nos. 31 – 90)* |
| Part IV | : Language I – (English/Hindi) | *(Q. Nos. 91 – 120)* |
| Part V | : Language II – (English/Hindi) | *(Q. Nos. 121 – 150)* |

6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies / Social Science) as filled by the candidates in their online application form.
7. Part IV contains 30 questions for Language I and Part V contains 30 questions for Language II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language(s) you have opted for as Language I and/or Language II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of R Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language II (Part V) in a language other than the one chosen as Language I (Part IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
11. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## *परीक्षार्थियों के लिए निर्देश*

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो OMR उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं OMR उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड R** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और OMR उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और OMR उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | *(प्रश्न सं. 1 – 30)* |
| भाग II | : गणित व विज्ञान | *(प्रश्न सं. 31 – 90)* |
| भाग III | : सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान | *(प्रश्न सं. 31 – 90)* |
| भाग IV | : भाषा I – (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | *(प्रश्न सं. 91 – 120)* |
| भाग V | : भाषा II – (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | *(प्रश्न सं. 121 – 150)* |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग II (गणित व विज्ञान) **या** भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं जैसा कि परीक्षार्थियों ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरा है।
7. भाग IV में भाषा I के लिए 30 प्रश्न और भाग V में भाषा II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से सम्बन्धित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा I और/या भाषा II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं, तो कृपया R कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
8. **परीक्षार्थी भाषा II (भाग V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा I (भाग IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
11. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जाएगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ______________________
: in words (शब्दों में) ______________________
Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :
Candidate's Signature : ____________ Invigilator's Signature : ____________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :
Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ______________________

## PART I / भाग I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

**1.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Adolescents have difficulty with emotional regulation and inhibiting their impulses and are quite susceptible to peer pressure.

**Reason (R) :** Physiological and hormonal changes during adolescence impact the behaviour of adolescents in a variety of ways.

(1) (A) is true, but (R) is false.
(2) Both (A) and (R) are false.
(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** किशोरों को भावनात्मक विनियमन और उनके संवेगों को बाधित करने में कठिनाई होती है और वे साथियों के दबाव के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं।

**कारण (R) :** किशोरावस्था के दौरान शारीरिक और हॉर्मोनल परिवर्तन किशोरों के व्यवहार को विभिन्न तरीकों से प्रभावित करते हैं।

(1) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।
(2) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।
(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

**2.** Jean Piaget gave importance to ____________ in the course of development and learning.

(1) exam-centric pedagogy
(2) children's maturation and readiness to learn
(3) conditioning of behaviour
(4) cultural tools

जीन पियाज़े ने विकास और सीखने के क्रम में _____________ को महत्त्व दिया।

(1) परीक्षा-केंद्रित शिक्षाशास्त्र
(2) सीखने के लिए बच्चों की परिपक्वता व तत्परता
(3) व्यावहारिक अनुकूलन
(4) सांस्कृतिक उपकरण

**3.** Learning about a concept/category is easier if :

(1) familiar examples are provided while introducing the concept.
(2) previous knowledge about the concept is not activated.
(3) lots of advanced information is given to create cognitive load.
(4) concept is represented in abstract and complex ways.

किसी अवधारणा/श्रेणी के बारे में सीखना आसान है यदि :

(1) अवधारणा को शुरू करते समय परिचित उदाहरण दिए गए हैं।
(2) अवधारणा के बारे में पिछला ज्ञान सक्रिय नहीं है।
(3) संज्ञानात्मक भार बनाने के लिए बहुत सारी उन्नत जानकारी दी जाती है।
(4) संकल्पना को अमूर्त और जटिल तरीकों से प्रस्तुत किया जाता है।

**4.** Gifted children :

(1) absorb information quickly and accurately.
(2) exhibit high cognitive abilities as well as skills of social communication.
(3) get distracted easily and have low concentration span.
(4) excel in all academic as well as co-curricular areas.

प्रतिभाशाली बच्चे :

(1) जानकारी को जल्दी और सटीक रूप से अवशोषित करते हैं।
(2) उच्च संज्ञानात्मक क्षमताओं के साथ-साथ सामाजिक संप्रेषण के कौशल का प्रदर्शन करते हैं।
(3) आसानी से विचलित हो जाते हैं और इनमें एकाग्रता की अवधि कम होती है।
(4) सभी शैक्षणिक और सह-पाठ्यक्रम क्षेत्रों में उत्कृष्टता दिखाते हैं।

**5.** Which of the following is an effective strategy of emotional regulation ?

(1) Suppressing emotions in order to conform to social norms
(2) Channelling emotions to use them as a source of inspiration and creative endeavours
(3) Waiting until emotions escalate to the point of losing control
(4) Reacting impulsively to emotional triggers

निम्नलिखित में से भावनात्मक नियमन की एक प्रभावी युक्ति कौन-सी है ?

(1) सामाजिक मानदंडों के अनुरूप भावनाओं को दबाना
(2) भावनाओं को प्रेरणा और रचनात्मक प्रयास के स्रोत के रूप में उपयोग करने के लिए प्रयोग करना
(3) भावनाओं पर नियंत्रण खोने तक का इंतजार करना
(4) भावनात्मक उत्प्रेरकों के प्रति आवेगपूर्वक प्रतिक्रिया करना

**6.** Which of the following typical characteristics is a child struggling with dysgraphia likely to show ?

(1) Withdrawal, guilt and anxiety
(2) Slow in written work; makes poorly formed letters, has difficulty copying from blackboard
(3) Impulsiveness; difficulty in concentrating and forgetfulness
(4) Aggression, frustration and stress

लेखन-वैकल्य से जूझ रहे बच्चे में निम्नलिखित में से कौन-सी विशिष्ट विशेषताएँ दिखाई देने की संभावना है ?

(1) प्रत्याहार, अपराधबोध और चिंता
(2) लिखने में धीमी गति; खराब ढंग से अक्षर बनाना, ब्लैकबोर्ड से नकल करने में कठिनाई
(3) आवेगशीलता; ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई और भूलने की बीमारी
(4) आक्रामकता, हताशा और तनाव

**7.** Which of the following statements is correct about gender development in contemporary times ?

(1) Gender exists on a binary concept – one is either male or female.
(2) Gender is purely and solely determined by an individual's anatomy at birth.
(3) Gender identity is influenced by cultural conceptions.
(4) Gender identity is not influenced by socialization.

समकालीन समय में जेंडर विकास के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) जेंडर द्विवर्ग होता है – व्यक्ति या तो पुरुष होता है या फिर महिला।
(2) जन्म के समय किसी व्यक्ति की शारीरिक रचना द्वारा जेंडर विशुद्ध रूप से और पूरी तरह से निर्धारित होता है।
(3) जेंडर पहचान सांस्कृतिक अवधारणाओं से प्रभावित होती है।
(4) जेंडर पहचान समाजीकरण से प्रभावित नहीं होती है।

**8.** Which of the following statements about language and cognition is ***not*** correct as per Lev Vygotsky's theory ?

(1) External speech is used to converse with others.

(2) Language inevitably affects the way a child thinks.

(3) Inner speech is used for mental reasoning.

(4) Language development hinders cognitive development.

लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार भाषा और संज्ञान के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) बाह्य भाषण का उपयोग दूसरों के साथ बातचीत करने के लिए किया जाता है।

(2) भाषा अनिवार्य रूप से बच्चे के सोचने के तरीके को प्रभावित करती है।

(3) आंतरिक भाषण का उपयोग मानसिक तर्क के लिए किया जाता है।

(4) भाषा का विकास संज्ञानात्मक विकास में बाधा डालता है।

**9.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Children learn most effectively when they are criticized frequently for their mistakes.

**Reason (R) :** Frequent criticism makes children self-reliant which helps in improving their academic performance.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are false.

(3) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(4) (A) is true, but (R) is false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** बच्चे सबसे प्रभावी ढंग से तब सीखते हैं जब उनकी ग़लतियों के लिए उनकी बार-बार आलोचना की जाती है।

**कारण (R) :** बार-बार आलोचना करने से बच्चे आत्मनिर्भर बनते हैं जिससे उन्हें उनके शैक्षणिक प्रदर्शन में सुधार करने में मदद मिलती है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(2) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(4) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

**10.** Following Lev Vygotsky's ideas on learning, a teacher should :

(1) encourage students to continually compete with each other.

(2) capitalize on dialogue and group learning during activities.

(3) prevent integration of cultural knowledge in discussions.

(4) discourage verbalization and thinking aloud among students.

अधिगम के सन्दर्भ में लेव वायगोत्स्की के विचारों का अनुसरण करते हुए, एक शिक्षक को चाहिए कि वह :

(1) विद्यार्थियों को लगातार एक-दूसरे के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने के लिए प्रोत्साहित करे।

(2) गतिविधियों के दौरान संवाद और सामूहिक शिक्षा को बढ़ावा दे।

(3) चर्चाओं में सांस्कृतिक ज्ञान के एकीकरण को रोके।

(4) विद्यार्थियों के बीच मौखिक रूप से बोलने और अपने विचारों को व्यक्त करने को हतोत्साहित करे।

**11.** The process of bringing back the information stored in memory to current state is called ____________.

(1) Retrieval (2) Attention (3) Forgetting (4) Decay

वह कौन-सी प्रक्रिया है जो स्मृति में संग्रहीत जानकारी को वर्तमान स्थिति में लाने के लिए प्रयोग की जाती है ?

(1) पुनर्प्राप्ति (2) ध्यान देना (3) भूलना (4) क्षय होना

**12.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Adaptations such as audio tapes, use of computer software which provides text-to-speech input, extended time to complete assignments, facilitate learning for students who are visually challenged.

**Reason (R) :** Teachers should adapt the curriculum to provide equity and meet the needs of diverse learners.

(1) Both (A) and (R) are false.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(4) (A) is true, but (R) is false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** अनुकूलन के साधन जैसे श्रव्य टेप, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर का उपयोग जो लिखित लिपि को वाक् में बदलता है, कार्य पूरा करने के लिए विस्तारित समय आदि, उन विद्यार्थियों के लिए अधिगम की सुविधा प्रदान करते हैं जिन्हें दृष्टिबाधिता है।

**कारण (R) :** शिक्षकों को समता प्रदान करने और विविध शिक्षार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पाठ्यचर्या को अनुकूलित करना चाहिए।

(1) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(4) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

**13.** Role of a teacher in 'reciprocal teaching' is characterized by :

(1) his/her position of being a passive observer throughout the process.

(2) a shift from being a support and guide towards gradual release of responsibility to the students.

(3) being a mere recipient of the suggestions given by students.

(4) the position of dominance and sole authority to disseminate the information to students.

'पारस्परिक शिक्षण' में एक शिक्षक की भूमिका की विशेषता है :

(1) पूरी प्रक्रिया के दौरान एक निष्क्रिय पर्यवेक्षक होना।

(2) एक मार्गदर्शक और समर्थन प्रदान करने की भूमिका से धीरे-धीरे जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपने की स्थिति पर जाना।

(3) विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सुझावों का मात्र एक प्राप्तकर्ता होना।

(4) विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए प्रभुत्व बनना और एकमात्र अधिकारी होना।

**14.** Contemporary theorists believe that childhood is :

(1) Variable and dynamic.

(2) A stage associated with divinity, purity and goodness.

(3) Merely a transitional stage.

(4) A life stage that is awaiting adulthood.

समकालीन सिद्धांतकारों का मानना है कि बचपन :

(1) चर और गतिशील है।

(2) देवत्व, पवित्रता और अच्छाई से जुड़ी एक अवस्था है।

(3) केवल एक संक्रमणकालीन चरण है।

(4) जीवन का एक चरण है जो वयस्कता की प्रतीक्षा कर रहा है।

**15.** Which of the following **hinders** problem-solving ?

(1) Applying algorithms and heuristics

(2) Fixating on a single trait of a composite problem

(3) Breaking down large complex problems into manageable smaller problems

(4) Using a solution which was effective in solving a similar problem earlier

निम्नलिखित में से कौन-सी प्रक्रिया समस्या-समाधान में **बाधा** डालती है ?

(1) कलन-विधि और स्वानुभविक प्रणाली को लागू करना

(2) एक समग्र समस्या के एक पहलू पर स्थिर होना

(3) बड़ी जटिल समस्या को प्रबंधनीय छोटी समस्याओं में विभाजित करना

(4) ऐसे समाधान का उपयोग करना जो पहले इसी तरह की समस्या को हल करने में प्रभावी रहा हो

**16.** Activities which ______________ are detrimental to students' motivation to learn.

(1) aim at intangible goals decided solely by the teacher

(2) connect with real life of students

(3) cater to students' needs and interests

(4) are moderately difficult for students

गतिविधियाँ जो _____________, विद्यार्थियों के सीखने की अभिप्रेरणा के लिए हानिकारक हैं।

(1) केवल शिक्षक द्वारा तय किए गए अमूर्त लक्ष्यों पर आधारित हों

(2) विद्यार्थियों के वास्तविक जीवन से जुड़ी हों

(3) विद्यार्थियों की जरूरतों और रुचियों को पूरा करती हों

(4) विद्यार्थियों के लिए मध्यतम स्तर पर कठिन हों

**17.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** A middle school language arts teacher selects stories and clippings from newspapers and magazines that portray men and women in non-traditional roles.

**Reason (R) :** Countering prevalent gender stereotypes by presenting other models is an effective way to overcome gender bias.

(1) Both (A) and (R) are false.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explantion of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** एक माध्यमिक विद्यालय भाषा कला शिक्षक अखबारों और पत्रिकाओं से उन कहानियों और कतरनों का चयन करता है जो पुरुषों और महिलाओं को ग़ैर-पारंपरिक भूमिकाओं में चित्रित करते हैं।

**कारण (R) :** वैकल्पिक मॉडल पेश करना प्रचलित जेंडर रूढ़िवादों का मुकाबला करके जेंडर पक्षपात को दूर करने का एक प्रभावी तरीका है।

(1) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**18.** A teacher is providing learners with the chances to be exposed to and analyze concepts in order to help them understand the content through her support. This is an example of :

(1) Observational modelling (2) Expository teaching

(3) Guided discovery (4) Pre-dispositional learning

एक शिक्षक शिक्षार्थियों को अवधारणाओं के संपर्क में आने पर उनका विश्लेषण करने का अवसर प्रदान कर रहा है ताकि उन्हें उसकी मदद से सामग्री को समझने में मदद मिल सके। यह किसका उदाहरण है ?

(1) अवलोकन संबंधी अनुसरण का (2) वर्णनात्मक शिक्षण का

(3) निर्देशित खोज-आधारित शिक्षण का (4) पूर्व-स्वाभाविक अधिगम का

**19.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** When unable to 'make meaning', efficient readers slow down and reread the text clarifying confusion before continuing further.

**Reason (R) :** Metacognition hinders the process of meaning-making.

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** जब कुशल पाठक 'अर्थ-बनाने' में असमर्थ होते हैं, तो वह धीमे हो जाते हैं और आगे बढ़ने से पहले भ्रम को स्पष्ट करते हुए पाठ को फिर से पढ़ते हैं।

**कारण (R) :** अधिसंज्ञान अर्थ-बनाने की प्रक्रिया में बाधा डालता है।

(1) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(4) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

**20.** Which of the following sets describe ways in which a school should be inclusive ?

(i) Modification of curriculum as required

(ii) Expecting students to totally adapt to the school's culture

(iii) Fostering an ethos of care and respect

(iv) Opportunities for collaborative learning

Choose the correct option :

(1) (i), (ii) and (iii) (2) (i), (ii), (iii) and (iv) (3) (i), (iii) and (iv) (4) (ii), (iii) and (iv)

निम्नलिखित में से कौन-सा समूह उन तरीकों का वर्णन करता है जिनमें एक स्कूल को समावेशी होना चाहिए ?

(i) पाठ्यचर्या में आवश्यकतानुसार संशोधन

(ii) विद्यार्थियों से विद्यालय की संस्कृति को पूरी तरह अपनाने की अपेक्षा करना

(iii) देखभाल और सम्मान के लोकाचार को बढ़ावा देना

(iv) पारस्परिक सहयोग से सीखने के अवसर

सही विकल्प चुनिए :

(1) (i), (ii) और (iii) (2) (i), (ii), (iii) और (iv) (3) (i), (iii) और (iv) (4) (ii), (iii) और (iv)

**21.** Which of the following set of qualities characterizes critical thinking ?

(i) Ability to question
(ii) Ability to self-reflect
(iii) Ability to test previously held assumptions
(iv) Ability to think convergently

Choose the correct option :

(1) (i), (ii) and (iii) (2) (i) and (iv) (3) (ii), (iii) and (iv) (4) (i) and (ii)

निम्नलिखित में से गुणों का कौन-सा समूह समालोचनात्मक चिंतन की विशेषताओं को दर्शाता है ?

(i) प्रश्न करने की क्षमता
(ii) आत्म-चिंतन करने की क्षमता
(iii) पूर्वमान्यताओं की पहले से ही जाँच करने की क्षमता
(iv) अभिसारी रूप से सोचने की क्षमता

सही विकल्प चुनिए :

(1) (i), (ii) और (iii) (2) (i) और (iv) (3) (ii), (iii) और (iv) (4) (i) और (ii)

**22.** Which of the following statements about classroom assessment is correct ?

(1) Formative assessment should include tasks which inform teachers about what students know about the concept before they begin teaching.
(2) Use of norm-referenced assessment that compares performance of the student to that of peers motivates students to learn more meaningfully.
(3) Focus of assessment should be paper-pencil assessment rather than non-written behaviours to maintain objectivity.
(4) Summative assessment does not serve any purpose and should not be undertaken since the process is more important than the final learning outcome.

कक्षा आकलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) रचनात्मक आकलन में ऐसे कार्य शामिल होने चाहिए जो शिक्षकों को इस बारे में सूचित करते हैं कि विद्यार्थी पढ़ाना शुरू करने से पहले संकल्पना के बारे में क्या जानते हैं।
(2) मानदंड-संदर्भित आकलन का उपयोग जो विद्यार्थी के प्रदर्शन की तुलना साथियों के प्रदर्शन से करता है, विद्यार्थियों को अधिक सार्थक रूप से सीखने के लिए अभिप्रेरित करता है।
(3) निष्पक्षता बनाए रखने के लिए ग़ैर-लिखित व्यवहार के बजाय आकलन का केंद्र पेपर-पेंसिल आकलन होना चाहिए।
(4) योगात्मक आकलन किसी भी उद्देश्य की पूर्ति नहीं करता है और इसे नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि अंतिम सीखने के परिणाम की तुलना में प्रक्रिया अधिक महत्त्वपूर्ण है।

**23.** An assessment approach aiming to support students' learning is characterized by :

(1) Exams done at the end of the year through objective type questions.
(2) Consideration of method of solving the problem along with the outcome.
(3) Evaluation and marking based on standardized quiz-based tests.
(4) Focus on inaccuracies only while ignoring the process and endeavours.

विद्यार्थियों के सीखने का समर्थन करने के उद्देश्य से एक आकलन प्रक्रिया की विशेषता है :

(1) वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के माध्यम से वर्ष के अंत में की गई परीक्षा।
(2) परिणामों के साथ-साथ समस्या को हल करने की विधि को भी ध्यान में रखना।
(3) मानकीकृत प्रश्नोत्तरी-आधारित परीक्षणों के आधार पर मूल्यांकन और अंक देना।
(4) प्रक्रिया और प्रयासों को अनदेखा करते हुए केवल अशुद्धियों पर ध्यान देना।

**24.** According to Jean Piaget, what is the role of symbolic thought in cognitive development ?

(1) Symbolic thought causes mental confusion and hinders cognitive development.
(2) Symbolic thought develops after cognitive development is complete.
(3) Symbolic thought impacts cognitive development only in children with language delays.
(4) Symbolic thought facilitates cognitive development by allowing for mental processes like problem-solving.

जीन पियाज़े के अनुसार, संज्ञानात्मक विकास में सांकेतिक चिंतन की क्या भूमिका होती है ?

(1) सांकेतिक चिंतन मानसिक भ्रम पैदा करते हैं और संज्ञानात्मक विकास में बाधा डालते हैं।
(2) सांकेतिक चिंतन संज्ञानात्मक विकास पूर्ण होने के बाद विकसित होता है।
(3) सांकेतिक चिंतन केवल उन बच्चों के संज्ञानात्मक विकास को प्रभावित करता है जिनकी भाषा विकसित होने में विलंब होता है।
(4) सांकेतिक चिंतन समस्या-समाधान जैसी मानसिक प्रक्रियाओं का उपयोग करते हुए संज्ञानात्मक विकास को सुगम बनाता है।

**25.** Which of the following statement about socialization is correct ?

(1) Socialization happens only during childhood.
(2) Socialization is culture-independent and context-neutral.
(3) Norms and beliefs cannot be acquired through socialization process.
(4) Socialization cultivates shared sources of meaning and value.

समाजीकरण के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) समाजीकरण केवल बाल्यावस्था में ही होता है।
(2) समाजीकरण सांस्कृतिक रूप से स्वतंत्र और संदर्भ-तटस्थ होता है।
(3) समाजीकरण प्रक्रिया के माध्यम से मानदंडों और धारणाओं का निर्माण नहीं किया जा सकता है।
(4) समाजीकरण, अर्थ और मूल्य के आधार पर साझा स्रोतों का निर्माण करता है।

**26.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Teachers should ensure enough 'wait time', which is the length of time a teacher pauses, after asking a question.

**Reason (R) :** Diversity is an asset and not an obstacle.

(1) Both (A) and (R) are false.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को पर्याप्त 'प्रतीक्षा समय' सुनिश्चित करना चाहिए, जो एक शिक्षक द्वारा प्रश्न पूछने के बाद जवाब की प्रतीक्षा की अवधि है।

**कारण (R) :** विविधता एक बाधा नहीं अपितु एक संसाधन है।

(1) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(3) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

**27.** Inclusion of students belonging to disadvantaged backgrounds requires :

(1) consideration of socio-cultural diversity.

(2) tradition of exam-centered pedagogy.

(3) execution of standardized curriculum.

(4) identity-based segregation of students.

वंचित पृष्ठभूमि से संबंधित विद्यार्थियों को शामिल करने के लिए आवश्यक है कि :

(1) सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखा जाए।

(2) परीक्षा-केंद्रित शिक्षाशास्त्र की परंपरा को लागू किया जाए।

(3) मानकीकृत पाठ्यक्रम का निष्पादन किया जाए।

(4) विद्यार्थियों को उनकी पहचान के आधार पर अलग-अलग किया जाए।

**28.** An effective strategy for solving ill-defined problems is :

(1) Algorithms (2) Means-Ends analysis

(3) Focusing on functional fixedness (4) Learning by rote

अपरिभाषित समस्याओं को हल करने के लिए एक प्रभावी रणनीति है :

(1) कलन-विधि (2) साधन-अंत विश्लेषण

(3) कार्यात्मक स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करना (4) रटकर सीखना

**29.** Arpita and Anu give their books to each other since both consider it 'an equal exchange of favours'. At which level of Kohlberg's moral development theory are Arpita and Anu ?

(1) Heteronomous level (2) Post-conventional level

(3) Pre-conventional level (4) Conventional level

अर्पिता और अनु एक-दूसरे को अपनी किताबें देते हैं क्योंकि दोनों इसे 'एहसानों का एकसमान आदान-प्रदान' मानते हैं। अर्पिता और अनु, कोहलबर्ग के नैतिक विकास सिद्धांत के किस स्तर पर हैं ?

(1) विषम स्तर (2) उत्तर-पारंपरिक स्तर

(3) पूर्व-पारंपरिक स्तर (4) पारंपरिक स्तर

**30.** Which of the following statement about the role of heredity and environment in the development of a child is correct ?

(1) While heredity provides the genetic blueprint for an individual's development, the expression of those genes can be influenced by environmental factors.

(2) Dispositions are linked with environmental factors but actual development occurs on the basis of heredity.

(3) Both heredity and environment contribute 50% each in the development of a child.

(4) While heredity contributes in unfolding of the child's characteristic traits, the entirety of a child's development is solely based on environmental factors.

बच्चे के विकास में आनुवंशिकता और वातावरण की भूमिका के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) हालाँकि आनुवंशिकता किसी व्यक्ति के विकास के लिए वंशानुगत खाका प्रदान करती है, उन वंशाणु (जीन) की अभिव्यक्ति वातावरणीय कारकों से प्रभावित हो सकती है।

(2) स्वभाव वातावरणीय कारकों से जुड़े होते हैं लेकिन वास्तविक विकास आनुवंशिकता के आधार पर होता है।

(3) बच्चे के विकास में आनुवंशिकता और वातावरण, दोनों का योगदान 50%-50% होता है।

(4) हालाँकि आनुवंशिकता बच्चे के विशिष्ट लक्षणों के विकास में योगदान देती है, लेकिन बच्चे का संपूर्ण विकास केवल वातावरणीय कारकों पर आधारित होता है।

*Candidates have to do questions **31** to **90** EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science).*

*परीक्षार्थियों को प्रश्न **31** से **90** या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।*

## PART II / भाग II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** option.*

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

**31.** Which of the following figures has rotational symmetry, but no line symmetry ?

(1) Rectangle (2) Parallelogram

(3) Kite (4) Rhombus

निम्नलिखित में से किस आकृति में घूर्णन सममिति है, परंतु कोई रेखा सममिति नहीं है ?

(1) आयत (2) समांतर चतुर्भुज

(3) पतंग (4) समचतुर्भुज

**32.** Two alternate interior angles formed by the intersection of two parallel lines by a transversal are $(5y - 10^o)$ and $(7y - 90^o)$. Then, the value of $(3y - 20^o)$ is :

(1) $110^o$ (2) $120^o$ (3) $100^o$ (4) $90^o$

एक तिर्यक छेदी-रेखा द्वारा दो समांतर रेखाओं के प्रतिच्छेदन द्वारा बने दो एकांतर अंत:कोण $(5y - 10^o)$ और $(7y - 90^o)$ हैं। तब, $(3y - 20^o)$ का मान है :

(1) $110^o$ (2) $120^o$ (3) $100^o$ (4) $90^o$

**33.** A man sold two articles for ₹ 850 each. On one article, he earns a profit of 25% and on the other article, he suffers a loss of 15%. What is his overall profit ?

(1) ₹ 30

(2) ₹ 22

(3) ₹ 25

(4) ₹ 20

एक व्यक्ति ने दो वस्तुओं को ₹ 850 प्रति वस्तु के मूल्य पर बेचा। एक वस्तु पर उसे 25% का लाभ प्राप्त हुआ और दूसरी वस्तु पर 15% की हानि हुई। कुल मिलाकर उसे कितना लाभ हुआ ?

(1) ₹ 30

(2) ₹ 22

(3) ₹ 25

(4) ₹ 20

**34.** In a parallelogram PQRS, $\angle P = 2x + 20^o$, $\angle Q = 2y - 40^o$, $\angle R = 5x - 100^o$ and $\angle S = 3y - 100^o$. Then, the value of $(x + y)$ is equal to :

(1) $160^o$ (2) $100^o$ (3) $120^o$ (4) $140^o$

किसी समांतर चतुर्भुज PQRS में, $\angle P = 2x + 20^o$, $\angle Q = 2y - 40^o$, $\angle R = 5x - 100^o$ और $\angle S = 3y - 100^o$ है। तब, $(x + y)$ का मान बराबर है :

(1) $160^o$ (2) $100^o$ (3) $120^o$ (4) $140^o$

**35.** A certain sum becomes ₹ 6,300 at 10% p.a. in 4 years at simple interest. What will be the amount of the same sum in 2 years at the same rate, if interest is compounded yearly ?

(1) ₹ 5,324 (2) ₹ 5,566 (3) ₹ 5,082 (4) ₹ 5,445

कोई निश्चित धनराशि साधारण ब्याज की 10% वार्षिक दर से 4 वर्ष में ₹ 6,300 हो जाती है। वही धनराशि 2 वर्षों में उसी दर पर चक्रवृद्धि ब्याज द्वारा कितनी हो जाएगी, यदि ब्याज वार्षिक संयोजित होता है ?

(1) ₹ 5,324 (2) ₹ 5,566 (3) ₹ 5,082 (4) ₹ 5,445

**36.** The greatest number which can divide the numbers 282, 696 and 1616, leaving the same remainder 6 in each case, is :

(1) 46 (2) 23 (3) 48 (4) 24

वह अधिकतम संख्या जिससे संख्याओं 282, 696 और 1616 को भाग करने पर प्रत्येक स्थिति में 6 शेष बचे, है :

(1) 46 (2) 23 (3) 48 (4) 24

**37.** Which of the following is ***not*** written correctly in Roman Numerals ?

(1) LXIII (2) XXV (3) LXXII (4) VXII

निम्नलिखित में से कौन-सा रोमन संख्याओं में सही ***नहीं*** लिखा गया है ?

(1) LXIII (2) XXV (3) LXXII (4) VXII

**38.** The distance between two parallel sides of a trapezium is 8 cm. If the perimeter of the trapezium is 52 cm and its non-parallel sides are of length 10 cm each, then area of the trapezium (in $cm^2$) is :

(1) 192 (2) 64 (3) 128 (4) 96

किसी समलंब की दोनों समांतर भुजाओं के बीच की दूरी 8 cm है। यदि इस समलंब का परिमाप 52 cm है तथा इसकी प्रत्येक असमांतर भुजा की लंबाई 10 cm है, तो इस समलंब का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) है :

(1) 192 (2) 64 (3) 128 (4) 96

**39.** ABC is a right triangle, right-angled at B. D and E are points on side AB such that AD = DE = EB. Then,

$\dfrac{DC^2 - BC^2}{AC^2 - EC^2}$ is equal to :

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{4}{9}$ (3) $\frac{2}{5}$ (4) $\frac{1}{3}$

ABC एक समकोण त्रिभुज है, जिसमें B पर समकोण है। D और E भुजा AB पर स्थित बिंदु इस प्रकार हैं कि AD = DE = EB है। तब, $\dfrac{DC^2 - BC^2}{AC^2 - EC^2}$ बराबर है :

(1) $\frac{1}{2}$ (2) $\frac{4}{9}$ (3) $\frac{2}{5}$ (4) $\frac{1}{3}$

**40.** Height of a right circular cylinder is 6 m. If three times the sum of the areas of its two circular bases is twice its curved surface area, then volume of the cylinder (in $m^3$) is :

(1) $96\pi$ (2) $64\pi$ (3) $112\pi$ (4) $48\pi$

किसी लंब-वृत्तीय बेलन की ऊँचाई 6 m है। यदि इसके दोनों वृत्तीय आधारों के क्षेत्रफलों के योगफल का तिगुना इसके वक्र-पृष्ठीय क्षेत्रफल का दुगुना है, तो इस बेलन का आयतन ($m^3$ में) है :

(1) $96\pi$ (2) $64\pi$ (3) $112\pi$ (4) $48\pi$

**41.** If $\frac{5-7x}{8+3x} = -\frac{40}{7}$, then what is the value of $\frac{2x+3}{x+9}$?

(1) $-\frac{7}{4}$ (2) $-\frac{5}{2}$

(3) $\frac{13}{14}$ (4) $\frac{11}{13}$

यदि $\frac{5-7x}{8+3x} = -\frac{40}{7}$ है, तो $\frac{2x+3}{x+9}$ का मान क्या है ?

(1) $-\frac{7}{4}$ (2) $-\frac{5}{2}$

(3) $\frac{13}{14}$ (4) $\frac{11}{13}$

**42.** The difference between the median and the mode of the observations 13, 16, 12, 14, 19, 12, 13, 14, 12, 15, 16, 15, 18, 19 is :

(1) 6·0 (2) 2·5 (3) 4·5 (4) 3·0

प्रेक्षणों 13, 16, 12, 14, 19, 12, 13, 14, 12, 15, 16, 15, 18, 19 के माध्यक और बहुलक का अंतर है :

(1) 6·0 (2) 2·5 (3) 4·5 (4) 3·0

**43.** A four-digit number 3x15 is a multiple of 3. Then, the sum of all the possible values of x is :

(1) 12 (2) 6

(3) 18 (4) 9

चार-अंकों की एक संख्या 3x15 संख्या 3 का एक गुणज है। तब, x के सभी संभावित मानों का योगफल है :

(1) 12 (2) 6

(3) 18 (4) 9

**44.** The length of a diagonal of a square is 8 cm. If its area (in $cm^2$) is y, then value of (3y – 15) is :

(1) 85 (2) 96

(3) 75 (4) 81

किसी वर्ग के एक विकर्ण की लंबाई 8 cm है। यदि इसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) y है, तो (3y – 15) का मान है :

(1) 85 (2) 96

(3) 75 (4) 81

**45.** $\frac{5}{7}$ of $\frac{35}{12} \div \frac{28}{9} + \frac{96}{15} \div \frac{8}{5} \times \frac{3}{4} - \frac{7}{56}$ is equal to :

(1) $6\frac{61}{112}$ (2) $3\frac{61}{112}$ (3) $6\frac{9}{16}$ (4) $3\frac{9}{16}$

$\frac{35}{12}$ का $\frac{5}{7} \div \frac{28}{9} + \frac{96}{15} \div \frac{8}{5} \times \frac{3}{4} - \frac{7}{56}$ बराबर है :

(1) $6\frac{61}{112}$ (2) $3\frac{61}{112}$ (3) $6\frac{9}{16}$ (4) $3\frac{9}{16}$

**46.** If $12500 = 5^x \times 2^y$, then which of the following can be expressed in the form $5^{x-1} \times 2^{2y}$ ?

(1) 10000 (2) 500 (3) 62500 (4) 2500

यदि $12500 = 5^x \times 2^y$ है, तो निम्नलिखित में से किसको $5^{x-1} \times 2^{2y}$ के रूप में व्यक्त किया जा सकता है ?

(1) 10000 (2) 500 (3) 62500 (4) 2500

**47.** Sides AB and AC of a triangle ABC are produced to points D and E respectively. Bisectors of angles CBD and BCE intersect each other at the point O. If $\angle BAC = 50^\circ$, then $\angle BOC$ is equal to :

(1) 105° (2) 65° (3) 75° (4) 115°

किसी त्रिभुज ABC की भुजाओं AB और AC को क्रमशः बिंदुओं D और E तक बढ़ाया गया है। कोण CBD और BCE के समद्विभाजक परस्पर बिंदु O पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि $\angle BAC = 50^\circ$ है, तो $\angle BOC$ बराबर है :

(1) 105° (2) 65° (3) 75° (4) 115°

**48.** Numbers from 8 to 92 were written on paper slips (one number on one slip) and were kept in a box. Then, a slip was taken out from the box, without looking into it. What is the probability that the number on the slip will be a multiple of 7 ?

(1) $\frac{13}{85}$ (2) $\frac{1}{7}$ (3) $\frac{13}{84}$ (4) $\frac{12}{85}$

कागज की पर्चियों पर 8 से 92 तक की संख्याएँ लिखी गईं (प्रत्येक पर्ची पर एक संख्या) तथा उन्हें एक डिब्बे में रख दिया गया। फिर, इस डिब्बे में से, बिना संख्या देखे, एक पर्ची निकाली गई। इस पर्ची पर 7 से गुणज एक संख्या प्राप्त होने की क्या प्रायिकता है ?

(1) $\frac{13}{85}$ (2) $\frac{1}{7}$ (3) $\frac{13}{84}$ (4) $\frac{12}{85}$

**49.** The expression $9x^2 - 12xy + 21x + 4y^2 - 14y + 12$ is factorised as :

(1) $(3x - 2y + 2)(3x - 2y + 6)$ (2) $(3x + 2y - 3)(3x + 2y - 4)$

(3) $(3x + 2y - 2)(3x + 2y - 6)$ (4) $(3x - 2y + 3)(3x - 2y + 4)$

व्यंजक $9x^2 - 12xy + 21x + 4y^2 - 14y + 12$ का गुणनखंडन है :

(1) $(3x - 2y + 2)(3x - 2y + 6)$ (2) $(3x + 2y - 3)(3x + 2y - 4)$

(3) $(3x + 2y - 2)(3x + 2y - 6)$ (4) $(3x - 2y + 3)(3x - 2y + 4)$

**50.** $\frac{(x^2+y^2-z^2)^2-(x^2-y^2+z^2)^2}{(y+z)(z-y)}$ is equal to :

(1) $-2x^2$

(2) $-4x^2$

(3) $2x^2$

(4) $4x^2$

$\frac{(x^2+y^2-z^2)^2-(x^2-y^2+z^2)^2}{(y+z)(z-y)}$ बराबर है :

(1) $-2x^2$

(2) $-4x^2$

(3) $2x^2$

(4) $4x^2$

**51.** Which of the following statements with respect to linear equations is ***not*** true ?

(1) The value of equation (6y + 10) depends on the value of 'y'.

(2) If we multiply or divide both sides of the equality by the same whole number, it still holds.

(3) In an equation, at least one of the two expressions must contain the variable.

(4) The equality that involves variables is an equation.

रैखिक समीकरण के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(1) समीकरण (6y + 10) का मान 'y' के मान पर निर्भर करता है।

(2) यदि हम एक समिका के दोनों पक्षों को एक ही पूर्ण संख्या से गुणा या भाग करें, तो भी समिका बनी रहती है।

(3) किसी भी समीकरण में कम-से-कम दो व्यंजकों में से एक में चर अवश्य होना चाहिए।

(4) समिका जिसमें चर सम्मिलित होते हैं, एक समीकरण होती है।

**52.** The "Baudhayana Sulba Sutra", which is a part of the rich Indian knowledge system, gives the same result as given by :

(1) Pythagoras' theorem

(2) Basic Proportionality theorem

(3) External angle theorem

(4) Mean Value Theorem

"बौधायन शुल्ब सूत्र", जो कि समृद्ध भारतीय ज्ञान प्रणाली का हिस्सा है, वही परिणाम देता है, जैसा कि ________ द्वारा दिया गया है।

(1) पाइथागोरस प्रमेय

(2) आधारी समानुपातिकता प्रमेय

(3) बाह्य कोण प्रमेय

(4) माध्य मान प्रमेय

**53.** Which of the following is ***not*** true for rational numbers ?

(1) Closed under addition

(2) Closed under subtraction

(3) Closed under division

(4) Closed under multiplication

निम्नलिखित में से कौन-सा परिमेय संख्याओं के लिए सही ***नहीं*** है ?

(1) योग के अंतर्गत संवृत

(2) व्यवकलन के अंतर्गत संवृत

(3) भाग के अंतर्गत संवृत

(4) गुणन के अंतर्गत संवृत

**54.** Which of the following does ***not*** represent the correct sequence of teaching the given concepts ?

(1) Proportion should precede percentage

(2) Fractions should precede rational numbers

(3) Decimals should precede fractions

(4) Addition should precede subtraction

निम्नलिखित में से कौन-सा दी गई अवधारणाओं के शिक्षण के सही क्रम को ***नहीं*** दर्शाता ?

(1) प्रतिशतता से पूर्व समानुपात होना चाहिए

(2) परिमेय संख्याओं से पूर्व भिन्न होने चाहिए

(3) भिन्नों से पूर्व दशमलव होने चाहिए

(4) व्यवकलन से पूर्व योग होना चाहिए

**55.** According to National Curriculum Framework, 2005, which among the following is ***not*** a narrow aim of teaching mathematics ?

(1) To develop the right attitude for problem-solving

(2) To develop an ability to identify geometrical shapes

(3) To develop numeracy skills

(4) To enhance the ability in solving algebraic equations

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा गणित शिक्षण का संकीर्ण उद्देश्य ***नहीं*** है ?

(1) समस्या-समाधान हेतु सही अभिवृत्ति विकसित करना

(2) ज्यामितीय आकृतियों को पहचानने की क्षमता विकसित करना

(3) संख्यात्मक कौशल विकसित करना

(4) बीजगणितीय समीकरणों को हल करने की क्षमता में संवर्द्धन करना

**56.** In which of the following situations do the results have an equal chance of occurring ?

(1) The chances of a train being on time or late.

(2) A student getting a question from the 3 chapters she prepared, out of 5.

(3) Captains of two teams tossing a coin to decide which team will bat first.

(4) The chances of a ticket which was waitlisted being confirmed.

निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में परिणामों के घटित होने के संयोग बराबर हैं ?

(1) एक रेलगाड़ी के समय पर आने या न आने का संयोग।

(2) एक विद्यार्थी से वह प्रश्न पूछा जाना जो कि 5 में से उसके द्वारा तैयार किए गए 3 पाठों में से हो।

(3) दो टीमों के कप्तान यह निर्णय करने के लिए सिक्का उछालते हैं कि कौन-सी टीम पहले बल्लेबाजी करेगी।

(4) एक टिकट के आरक्षित होने का संयोग जो कि प्रतीक्षा-सूची में थी।

**57.** A method of assessment, useful in theme-based learning, undertaken over a period of time and generally involves collection and analysis of data is a :

(1) Portfolio

(2) Rubric

(3) Project

(4) Checklist

आकलन की एक विधि, जो प्रसंग-आधारित अधिगम में उपयोगी है, एक समय अवधि में की जाती है और इसमें आमतौर पर आँकड़ों का संग्रह और विश्लेषण सम्मिलित होता है, कहलाती है :

(1) पोर्टफोलियो

(2) रूब्रिक

(3) परियोजना

(4) जाँच-सूची (चेकलिस्ट)

**58.** Which among the following is usually ***not*** used as a strategy in Summative Assessment ?

(1) Observation (2) Term End Exam

(3) Performance test (4) Paper-pencil test

निम्नलिखित में से किसका उपयोग योगात्मक आकलन में एक कार्यनीति के रूप में प्राय: ***नहीं*** होता है ?

(1) अवलोकन (2) सत्रांत परीक्षा

(3) प्रदर्शन-आधारित परीक्षण (4) पेपर-पेंसिल परीक्षण

**59.** Which among the following is most appropriate for assessing problem-solving ability ?

(1) Assess child's ability to recall the solution of a problem solved by him/her previously.

(2) Assess child's ability to use knowledge in a familiar situation.

(3) Assess child's ability to use his/her knowledge and skills in a new situation.

(4) Assess child's ability to solve word problems only.

निम्नलिखित में से कौन-सा समस्या-समाधान क्षमता को आँकने के लिए सबसे उपयुक्त है ?

(1) बच्चे द्वारा पहले से हल की गई समस्या के समाधान का प्रत्यास्मरण करने की क्षमता का आकलन।

(2) एक परिचित परिस्थिति में बच्चे की ज्ञान का उपयोग करने की क्षमता का आकलन।

(3) एक नवीन परिस्थिति में अपने ज्ञान और कौशल को उपयोग करने की बच्चे की क्षमता का आकलन।

(4) बच्चे की केवल इबारती सवालों को हल करने की क्षमता का आकलन।

**60.** A middle school mathematics teacher writes the following patterns of numbers on the blackboard :

$9 + 1 = 10 = 10 \times 1$

$99 + 1 = 100 = 10 \times 10$

$999 + 1 = 1000 = 10 \times 100$

$\vdots + \vdots = \vdots = \vdots$

Which of the following mathematical concept/concepts can be addressed through the above pattern ?

(i) Introducing the concept of greatest 1-digit, greatest 2-digit, greatest 3-digit number, and so on.

(ii) It can be used to introduce the concept of 10000.

(iii) It can be used to introduce the concept of addition.

Choose the correct option :

(1) Only (i)

(2) (i) and (ii)

(3) (ii) and (iii)

(4) Only (ii)

मिडिल स्कूल की गणित की एक शिक्षिका, श्यामपट्ट पर नंबरों का निम्नलिखित पैटर्न लिखती है :

$9 + 1 = 10 = 10 \times 1$

$99 + 1 = 100 = 10 \times 10$

$999 + 1 = 1000 = 10 \times 100$

$\vdots + \vdots = \vdots = \vdots$

उपर्युक्त पैटर्न के माध्यम से निम्नलिखित में से किस/किन गणितीय अवधारणा/अवधारणाओं को संबोधित किया जा सकता है ?

(i) एक-अंक, दो-अंकों, तीन-अंकों की सबसे बड़ी संख्या और इसी प्रकार आगे की अवधारणा का परिचय।

(ii) इसका उपयोग संख्या 10000 का परिचय देने के लिए किया जा सकता है।

(iii) इसका उपयोग योग की अवधारणा का परिचय देने के लिए किया जा सकता है।

सही विकल्प चुनिए :

(1) केवल (i)

(2) (i) और (ii)

(3) (ii) और (iii)

(4) केवल (ii)

**61.** Arrange the following statements about the process of digestion in cows in the correct sequence :

(i) Chewing of cud
(ii) Partial digestion of food
(iii) Storage of food in stomach
(iv) Quick swallowing of food

Choose the correct option :

(1) (iv), (ii), (i), (iii) (2) (iv), (iii), (ii), (i) (3) (i), (ii), (iv), (iii) (4) (iv), (i), (ii), (iii)

गायों में पाचन प्रक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) जुगाली करना
(ii) भोजन का आंशिक पाचन
(iii) आमाशय में भोजन का भंडारण
(iv) भोजन को शीघ्रता से निगलना

सही विकल्प चुनिए :

(1) (iv), (ii), (i), (iii) (2) (iv), (iii), (ii), (i) (3) (i), (ii), (iv), (iii) (4) (iv), (i), (ii), (iii)

**62.** Which of the following processes leads to production of lactic acid ?

(1) Anaerobic respiration in humans
(2) Rise of dough after addition of yeast and sugar
(3) Anaerobic respiration in yeast
(4) Aerobic respiration in humans

निम्नलिखित में से कौन-सा प्रक्रम लैक्टिक अम्ल का उत्पादन करता है ?

(1) मानवों में अवायवीय श्वसन
(2) यीस्ट और चीनी डालने के पश्चात् आटे का फूलना
(3) यीस्ट में अवायवीय श्वसन
(4) मानवों में वायवीय श्वसन

**63.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Ice floats on water.

**Reason (R) :** Ice combines with surrounding air which leads to increase in buoyancy.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** बर्फ जल पर तैरती है।

**कारण (R) :** बर्फ अपने आसपास की वायु से संयोजन करती है जिससे उत्प्लावकता में वृद्धि होती है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(3) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।
(4) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**64.** Which of the following is ***not*** an advantage of using manure over fertilizers ?

(1) It enhances the water holding capacity of the soil. (2) It makes the soil porous.

(3) It increases the number of friendly microbes. (4) It fixes atmospheric nitrogen.

निम्नलिखित में से कौन-सा उर्वरक की अपेक्षा खाद का उपयोग करने का एक लाभ ***नहीं*** है ?

(1) यह मृदा की जल धारण क्षमता को बढ़ाता है। (2) यह मृदा को छिद्रिल बनाता है।

(3) यह मित्र जीवाणुओं की संख्या में वृद्धि करता है। (4) यह वायुमंडलीय नाइट्रोजन का स्थायीकरण करता है।

**65.** Mahesh left the wheat dough in the open. After a few days, it started to emit a foul smell. What could be the reason ?

(1) The oxidation of bran which produces lactic acid

(2) Growth of bacteria in the wheat dough

(3) The reduction of the bran particles in dough which weaken gluten-forming proteins

(4) Growth of saprophytic fungi which break down the carbohydrates

महेश ने गेहूँ का गुँधा हुआ आटा खुले में छोड़ दिया। कुछ दिनों पश्चात्, उसने दुर्गंध छोड़नी आरंभ कर दी। इसका क्या कारण हो सकता है ?

(1) उस भूसी (चोकर) का उपचयन जो लैक्टिक अम्ल उत्पन्न करती है

(2) गुँधे हुए गेहूँ के आटे में जीवाणु का पैदा होना (विकास)

(3) गुँधे हुए आटे में भूसी (चोकर) कणों का अपचयन जिसने ग्लूटेन बनाने वाले प्रोटीन को कमज़ोर कर दिया

(4) कार्बोहाइड्रेट का भंजन करने वाले मृतजीवी कवक (फफूँद) का विकास

**66.** Which of the following options about Reaction I ($R_1$) and Reaction II ($R_2$) are correct ?

Reaction I ($R_1$) : Reaction of slaked lime with carbon dioxide

Reaction II ($R_2$) : Heating of calcium bicarbonate

(1) $R_1$ – Decomposition, $R_2$ – Endothermic (2) $R_1$ – Exothermic, $R_2$ – Combination

(3) $R_1$ – Endothermic, $R_2$ – Exothermic (4) $R_1$ – Exothermic, $R_2$ – Decomposition

अभिक्रिया I ($R_1$) और अभिक्रिया II ($R_2$) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-से विकल्प सही हैं ?

अभिक्रिया I ($R_1$) : बुझे चूने की कार्बन डाइऑक्साइड से अभिक्रिया

अभिक्रिया II ($R_2$) : कैल्शियम बाइकार्बोनेट को गर्म करना

(1) $R_1$ – वियोजन, $R_2$ – ऊष्माशोषी (2) $R_1$ – ऊष्माक्षेपी, $R_2$ – संयोजन

(3) $R_1$ – ऊष्माशोषी, $R_2$ – ऊष्माक्षेपी (4) $R_1$ – ऊष्माक्षेपी, $R_2$ – वियोजन

**67.** Which of the following statements about the process of obtaining wool is ***incorrect*** ?

(1) Shearing is done after scouring.

(2) Shearing is done before picking out the burrs.

(3) Dyeing of different colours is done after picking out the burrs.

(4) Sorting is done after shearing.

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ऊन प्राप्त करने के प्रक्रम के बारे में ***ग़लत*** है ?

(1) अभिमार्जन के पश्चात् ऊन कतरा जाता है।

(2) किनारे छाँटने से पूर्व ऊन कतरा जाता है।

(3) किनारे छाँटने के पश्चात् विभिन्न रंगों से रंगाई की जाती है।

(4) ऊन कतरने के पश्चात् छँटाई होती है।

**68.** What is the reason for preferring pressure cookers over open pans for cooking the food quickly at high altitudes ?

(1) Increase in boiling point of water at high altitudes due to increase in atmospheric pressure

(2) Lowering of boiling point of water at high altitudes due to increase in atmospheric pressure

(3) Increase in boiling point of water at high altitudes due to decrease in atmospheric pressure

(4) Lowering of boiling point of water at high altitudes due to decrease in atmospheric pressure

ऊँचाइयों पर शीघ्रता से खाना पकाने के लिए खुले पात्रों की अपेक्षा प्रेशर कुकर को वरीयता देने का क्या कारण है ?

(1) ऊँचाइयों पर वायुमंडलीय दाब में वृद्धि के कारण जल के क्वथनांक में वृद्धि

(2) ऊँचाइयों पर वायुमंडलीय दाब में वृद्धि के कारण जल के क्वथनांक में गिरावट

(3) ऊँचाइयों पर वायुमंडलीय दाब घटने के कारण जल के क्वथनांक में वृद्धि

(4) ऊँचाइयों पर वायुमंडलीय दाब घटने के कारण जल के क्वथनांक में गिरावट

**69.** Read the descriptions of various layers of soil given below and identify the horizons for X, Y, Z in the correct sequence :

X : The layer is made of small lumps of rocks with cracks

Y : The layer is soft and porous and retains more water

Z : The compact layer containing a lot of minerals but less humus

(1) A-horizon, B-horizon, C-horizon

(2) C-horizon, A-horizon, B-horizon

(3) Top-soil, C-horizon, B-horizon

(4) C-horizon, B-horizon, Top-soil

नीचे दी गई विभिन्न परत की मृदा को पढ़िए और X, Y, Z वर्णन को सही क्रम में पहचानिए :

X : परत दरार सहित चट्टानों के छोटे ढेलों से बनी है

Y : परत कोमल और छिद्रिल है और अधिक जल प्रतिधारण करती है

Z : ठोस परत में बहुत अधिक खनिज हैं परंतु ह्यूमस कम है

(1) A-संस्तर-स्थिति, B-संस्तर-स्थिति, C-संस्तर-स्थिति

(2) C-संस्तर-स्थिति, A-संस्तर-स्थिति, B-संस्तर-स्थिति

(3) उपरिमृदा, C-संस्तर-स्थिति, B-संस्तर-स्थिति

(4) C-संस्तर-स्थिति, B-संस्तर-स्थिति, उपरिमृदा

**70.** Read the following statements :

**Statement I :** Isotopes of an element have the same chemical properties.

**Statement II :** Chemical properties do not depend on number of neutrons.

Choose the correct option :

(1) Statement I is true, but Statement II is false.

(2) Both Statements I and II are true and Statement II is the correct reason for Statement I.

(3) Both Statements I and II are false.

(4) Both Statements I and II are true, but Statement II is ***not*** the correct reason for Statement I.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

**कथन I :** किसी तत्त्व के समस्थानिकों में समान रासायनिक गुण होते हैं।

**कथन II :** रासायनिक गुण, न्यूट्रॉनों की संख्या पर निर्भर नहीं करते हैं।

सही विकल्प चुनिए :

(1) कथन I सही है, लेकिन कथन II ग़लत है।

(2) कथन I और II दोनों सही हैं और कथन II, कथन I का सही कारण है।

(3) कथन I और II दोनों ग़लत हैं।

(4) कथन I और II दोनों सही हैं, लेकिन कथन II, कथन I का सही कारण ***नहीं*** है।

**71.** An aqueous solution 'X' turns phenolphthalein solution pink. But, on addition of aqueous solution 'Y' to 'X', the colour disappears. Which of the following is true about X and Y ?

(1) X is strongly acidic and Y is a weak acid
(2) X is strongly basic and Y is a weak base
(3) X has pH more than 7 and Y has pH less than 7
(4) X has pH less than 7 and Y has pH greater than 7

एक जलीय विलयन 'X' फीनॉलफ्थैलिन विलयन को गुलाबी कर देता है। लेकिन 'X' में 'Y' का जलीय विलयन डालने पर, रंग गायब हो जाता है। X और Y के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(1) X प्रबल अम्लीय है और Y एक दुर्बल अम्ल है
(2) X प्रबल क्षारकीय है और Y एक दुर्बल क्षार है
(3) X का pH 7 से अधिक है और Y का pH 7 से कम है
(4) X का pH 7 से कम है और Y का pH 7 से अधिक है

**72.** Which of the following represents a set of communicable diseases ?

(1) Common flu, asthma, tuberculosis
(2) Chickenpox, cancer, common cold
(3) Cholera, hypertension, common cold
(4) Tuberculosis, cholera, measles

निम्नलिखित में से कौन-सा संक्रामक रोगों का एक समुच्चय दर्शाता है ?

(1) साधारण फ्लू, दमा, क्षय रोग
(2) चेचक, कैंसर, साधारण जुकाम
(3) हैजा, उच्च रक्तचाप, साधारण जुकाम
(4) क्षय रोग, हैजा, खसरा

**73.** Consider the following statements :

(i) Density of Ball A = 13600 kg/$m^3$.
(ii) Density of Ball B = 7800 kg/$m^3$.
(iii) Ball A is heavier than Ball B.
(iv) Volume of Ball A is identical to that of Ball B.

If Balls A and B are submerged into two identical containers containing water, which of the following would hold true ?

(1) Both Balls A and B will not displace any water
(2) Both Balls A and B will displace same amount of water
(3) Ball A will displace more water than Ball B
(4) Ball A will displace less water than Ball B

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(i) गेंद A का घनत्व = 13600 kg/$m^3$.
(ii) गेंद B का घनत्व = 7800 kg/$m^3$.
(iii) गेंद A गेंद B से भारी है।
(iv) गेंद A का आयतन गेंद B के ठीक समान है।

यदि A और B गेंदों को जलयुक्त दो समान पात्रों में डुबो दिया जाए, तब निम्नलिखित में से कौन-सा सही होगा ?

(1) दोनों, गेंदें A और B कोई जल विस्थापित नहीं करेंगी
(2) दोनों, गेंदें A और B एकसमान मात्रा में जल विस्थापित करेंगी
(3) गेंद A, गेंद B से अधिक जल विस्थापित करेगी
(4) गेंद A, गेंद B से कम जल विस्थापित करेगी

**74.** Select the mismatched pair :

(1) Adrenaline – Pituitary Gland
(2) Estrogen – Ovary
(3) Testosterone – Testes
(4) Thyroxine – Thyroid Gland

बेमेल युग्म चुनिए :

(1) ऐड्रिनलीन – पीयूष ग्रंथि
(2) एस्ट्रोजन – अंडाशय
(3) टेस्टोस्टेरॉन – वृषण
(4) थायरॉक्सिन – थाइरॉइड ग्रंथि

**75.** A metal X burns in oxygen with a white flame to form a white ash. Identify X and the type of reaction :

(1) Ca, Decomposition
(2) Mg, Combination
(3) Al, Thermal Decomposition
(4) Zn, Endothermic

एक धातु X, ऑक्सीजन में श्वेत ज्वाला के साथ जल कर एक श्वेत राख बनाती है। निम्नलिखित में X और अभिक्रिया के प्रकार को पहचानिए :

(1) Ca, विघटन
(2) Mg, संयोजन
(3) Al, तापीय विघटन
(4) Zn, ऊष्माशोषी

**76.** Two circuits A and B are placed in close vicinity to each other. Circuit A comprises a galvanometer connected to two ends of the closed circuit. Circuit B comprises a battery and a key connected to two ends of the circuit. Initially the key is not inserted. Which of the following will be observed if the key is inserted and later removed ?

(1) There is momentary deflection in the galvanometer that dies out shortly and there is no effect when the key is removed.
(2) The galvanometer shows no deflection throughout.
(3) There are momentary galvanometer deflections in the same direction that die out shortly.
(4) There are momentary galvanometer deflections in opposite directions that die out shortly.

दो परिपथ A और B एक दूसरे के निकट रखे गए। परिपथ A में एक गैल्वेनोमीटर संवृत परिपथ के दो सिरों से जुड़ा है। परिपथ B में एक बैटरी और एक स्विच है जो परिपथ के दो सिरों से जुड़े हैं। प्रारंभ में स्विच ऑफ स्थिति में है। निम्नलिखित में से क्या प्रेक्षण होगा यदि स्विच को ऑन करके ऑफ कर दिया जाए ?

(1) गैल्वेनोमीटर में क्षणिक विक्षेप होता है जो थोड़े ही समय में हट जाता है और कोई प्रभाव नहीं होता है जब स्विच को ऑफ किया जाता है।
(2) गैल्वेनोमीटर आद्योपान्त कोई विक्षेप नहीं दर्शाता है।
(3) गैल्वेनोमीटर में एक ही दिशा में क्षणिक विक्षेप होते हैं जो जल्दी ही बंद हो जाते हैं।
(4) गैल्वेनोमीटर में विपरीत दिशाओं में क्षणिक विक्षेप होते हैं जो जल्दी ही बंद हो जाते हैं।

**77.** A girl is standing in front of a magical mirror. She observes the image of her head bigger, the middle portion of her body of the same size and that of the legs smaller in size. Which of the following is the correct order of the combinations of the magical mirror from top to bottom ?

(1) Convex, concave, plane
(2) Convex, plane, convex
(3) Concave, plane, convex
(4) Concave, convex, convex

एक लड़की एक जादुई दर्पण के समक्ष खड़ी है। वह देखती है कि उसके सिर का प्रतिबिंब बड़ा, उसके शरीर का मध्य भाग बराबर आकार का और उसकी टाँगों का आकार छोटा दिखाई दे रहा है। निम्नलिखित में से कौन-सा जादुई दर्पण का ऊपर से नीचे की ओर संयोजन का सही क्रम है ?

(1) उत्तल, अवतल, समतल
(2) उत्तल, समतल, उत्तल
(3) अवतल, समतल, उत्तल
(4) अवतल, उत्तल, उत्तल

**78.** A ball is thrown upwards. Which of the following statements is true at the highest point before it begins to fall down ?

(1) Velocity is zero; net force is zero. (2) Velocity is maximum; net force is zero.

(3) Velocity is zero; gravitational force acts. (4) Velocity is maximum; gravitational force acts.

एक गेंद को ऊपर की ओर फेंका जाता है। नीचे गिरने से ठीक पहले, अपनी अधिकतम ऊँचाई पर, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) वेग शून्य है; परिणामी बल (नेट बल) शून्य है। (2) वेग अधिकतम है; परिणामी बल (नेट बल) शून्य है।

(3) वेग शून्य है; गुरुत्वाकर्षण बल कार्य करता है। (4) वेग अधिकतम है; गुरुत्वाकर्षण बल कार्य करता है।

**79.** Seema and Ashutosh set up a simple pendulum in the laboratory to calculate its time period such that the distance between the two extreme positions of the bob is 'D'. Seema observes that the pendulum bob covers distance D/4 in 2 seconds. Ashutosh thinks that Seema made an error while conducting the experiment and repeats it. He observes that the bob covers distance 3D/2 in 10 seconds.

Which of the following is true ?

(1) The time period of a pendulum is equal to 12 seconds in both the cases.

(2) Time period of pendulum calculated by Seema is greater than that calculated by Ashutosh.

(3) Time period of pendulum calculated by Ashutosh is greater than that calculated by Seema.

(4) The time period of a pendulum will be same in both the cases as it depends on mass of the bob.

सीमा और आशुतोष प्रयोगशाला में एक सरल लोलक की समयावधि (दोलन काल) ज्ञात करने के लिए उसे इस प्रकार लगाते हैं कि उसके गोलक की दो दूरतम स्थितियों के बीच की दूरी 'D' है। सीमा प्रेक्षण करती है कि लोलक का गोलक 2 सेकंड में D/4 दूरी तय करता है। आशुतोष सोचता है कि सीमा ने प्रयोग करते हुए एक गलती कर दी है और वह उसे दोहराता है। वह अवलोकन/प्रेक्षण करता है कि गोलक 10 सेकंड में 3D/2 दूरी तय करता है।

निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है ?

(1) दोनों ही घटनाओं में लोलक की समयावधि 12 सेकंड के बराबर है।

(2) सीमा द्वारा परिकलित लोलक की समयावधि आशुतोष द्वारा परिकलित समयावधि से अधिक है।

(3) आशुतोष द्वारा परिकलित लोलक की समयावधि सीमा द्वारा परिकलित समयावधि से अधिक है।

(4) दोनों घटनाओं में परिकलित लोलक की समयावधि एकसमान होगी, क्योंकि यह गोलक के द्रव्यमान पर निर्भर है।

**80.** Which of the following statements about eukaryotic cells is/are ***not*** true ?

(i) They can be both unicellular and multicellular.

(ii) They have a well organized nucleus.

(iii) Blue-green algae are eukaryotic cells.

(iv) They do not have nuclear membrane.

**Options :**

(1) (ii) and (iii) (2) (i) and (ii) (3) (iii) and (iv) (4) Only (iv)

यूकैरियोटिक कोशिकाओं के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही ***नहीं*** है/हैं ?

(i) ये एककोशिकीय या बहुकोशिकीय दोनों हो सकते हैं।

(ii) इनमें एक भली-भाँति व्यवस्थापित केन्द्रक होता है।

(iii) नीला-हरा शैवाल यूकैरियोटिक कोशिकाएँ होती हैं।

(iv) इनमें केन्द्रक झिल्ली नहीं होती है।

**विकल्प :**

(1) (ii) और (iii) (2) (i) और (ii) (3) (iii) और (iv) (4) केवल (iv)

**81.** Which of the following does ***not*** characterize 'Critical Pedagogy' in Science ?

(i) Teacher plays the role of moral authority in class and ensures discipline.

(ii) Teacher provides opportunity to learners to express themselves.

(iii) Teacher tries to avoid conflicts and differences among learners.

(iv) Teacher cultivates understanding of socio-economic diversity among learners.

**Options :**

(1) (i) and (iii)

(2) (iii) and (iv)

(3) (i) and (ii)

(4) (ii) and (iii)

निम्नलिखित में से कौन-सा विज्ञान में 'समालोचनात्मक/विवेचनात्मक शिक्षाशास्त्र' की विशेषता ***नहीं*** है ?

(i) शिक्षक कक्षा में नैतिक प्राधिकारी की भूमिका निभाते हैं तथा अनुशासन सुनिश्चित करते हैं।

(ii) शिक्षक शिक्षार्थियों को स्वयं को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं।

(iii) शिक्षक शिक्षार्थियों के बीच विवादों एवं मन-मुटाव को टालने का प्रयास करते हैं।

(iv) शिक्षक शिक्षार्थियों में सामाजिक-आर्थिक विविधता के बोध का पोषण करते हैं।

**विकल्प :**

(1) (i) और (iii)

(2) (iii) और (iv)

(3) (i) और (ii)

(4) (ii) और (iii)

**82.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** A good scientific theory must be non-falsifiable.

**Reason (R) :** Even one observation against the predictions of a theory is sufficient to prove the theory wrong.

(1) A is true, but R is false.

(2) Both A and R are true, but R is ***not*** the correct reason of A.

(3) A is false, but R is true.

(4) Both A and R are true and R is correct reason of A.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** एक अच्छे वैज्ञानिक सिद्धांत को अमिथ्याकरणीय होना चाहिए।

**तर्क (R) :** सिद्धांत के भविष्यकथनों के विरुद्ध केवल एक ही अवलोकन (प्रेक्षण) उसे ग़लत प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त है।

(1) A सही है, परन्तु R ग़लत है।

(2) A और R दोनों सही हैं, परन्तु R, A का सही तर्क ***नहीं*** है।

(3) A ग़लत है, परन्तु R सही है।

(4) A और R दोनों सही हैं तथा R, A का सही तर्क है।

**83.** NCF-2005 recommends that a teacher should engage in action-research. Which of the following aspects is ***not*** integral to conducting action-research ?

(1) The results of action-research may not always be generalizable.

(2) It is conducted by practitioners themselves rather than professional researchers.

(3) Its purpose is to develop a new educational theory related to teaching-learning.

(4) It is a planned process involving identification of a problem faced by the practitioner related to teaching-learning.

एनसीएफ-2005 अनुशंसा करता है कि शिक्षक को क्रिया-अनुसंधान में संलग्न रहना चाहिए। निम्नलिखित में से कौन-सा पहलू (पक्ष) क्रिया-अनुसंधान करने के लिए अनिवार्य ***नहीं*** है ?

(1) क्रिया-अनुसंधान के परिणाम सदैव सामान्यीकरण योग्य नहीं हो सकते हैं।

(2) यह पेशेवर अनुसंधानकर्ताओं के बजाय कर्ताओं द्वारा स्वयं ही किया जाता है।

(3) इसका उद्देश्य शिक्षण-अधिगम से संबंधित नए शैक्षिक सिद्धांत विकसित करना है।

(4) यह एक योजनाबद्ध प्रक्रिया है जिसमें कर्ता द्वारा सामना की गई शिक्षण-अधिगम संबंधी समस्याओं की पहचान शामिल है।

**84.** Which of the following is an alternative conception ?

(1) Floating or sinking of an object depends on the nature of the material it is made up of.

(2) Floating or sinking depends upon the shape of the object.

(3) The buoyant force on an object immersed in water depends on the water displaced by it.

(4) Heavier objects always sink while lighter objects float.

निम्नलिखित में से वैकल्पिक अवधारणा कौन-सी है ?

(1) किसी बिंब का तैरना अथवा डूबना निर्भर करता है उस सामग्री/पदार्थ पर जिससे वह बना है।

(2) तैरना अथवा डूबना बिंब की आकृति पर निर्भर करता है।

(3) जल में डूबे हुए बिंब पर उत्प्लावन बल निर्भर करता है उसके द्वारा विस्थापित जल पर।

(4) भारी बिंब हमेशा डूबते हैं जबकि हल्के बिंब तैरते हैं।

**85.** During a science class, a teacher explored students' perceptions about how scientists may look like to which she received the following responses. Which of these presents the most apt description of scientists ?

(1) They are always serious and in thought.

(2) They are like any other person.

(3) They are agile and always in a hurry.

(4) They are very brilliant but somewhat lost.

विज्ञान कक्षा के समय, 'वैज्ञानिक कैसे दिखते होंगे' के बारे में विद्यार्थियों के अवबोधनों का शिक्षिका ने अन्वेषण किया जिसके लिए उसे निम्नलिखित उत्तर (प्रतिक्रियाएँ) प्राप्त हुए। इनमें से कौन-सा वैज्ञानिकों के अति उपयुक्त वर्णन को प्रस्तुत करता है ?

(1) वे सदैव गंभीर एवं विचारशील (विचारों में) होते हैं।

(2) वे किसी अन्य व्यक्ति की तरह होते हैं।

(3) वे कुशल (दक्ष) एवं सदैव जल्दी में होते हैं।

(4) वे बहुत प्रतिभाशाली (देदीप्यमान) परन्तु कुछ खोये हुए होते हैं।

**86.** A teacher gives an iron nail, a coal piece, an aluminium wire and a pencil lead to her students and asks them to identify the materials that can be beaten into thin sheets. She further asks them to record their findings. Which of the following process skills are being assessed through this task ?

(1) Hypothesizing, Observing, Predicting

(2) Questioning, Classifying, Observing

(3) Predicting, Classifying, Questioning

(4) Classifying, Communicating, Observing

एक शिक्षिका अपने विद्यार्थियों को लोहे की कील, कोयले का टुकड़ा, ऐलुमिनियम की तार तथा पेंसिल का सीसा देती है और उन पदार्थों/सामग्रियों की पहचान करने के लिए कहती है जिन्हें चोट करके पतली चादर बनाया जा सकता है। वह उन्हें फिर उनकी जाँच-परिणामों को रिकॉर्ड करने के लिए कहती है। इस कार्य के माध्यम से निम्नलिखित में से कौन-से प्रक्रिया कौशलों का आकलन किया गया ?

(1) परिकल्पना, अवलोकन, पूर्वानुमान

(2) पूछताछ, वर्गीकरण, अवलोकन

(3) पूर्वानुमान, वर्गीकरण, पूछताछ

(4) वर्गीकरण, संप्रेषण, अवलोकन

**87.** Which of the following tasks is most likely to promote 'analytical thinking' among students ?

(1) Illustrate fractional distillation by taking an example.

(2) Demonstrate a chemical test for identification of alkali metals.

(3) State one situation where a virtual image is formed in a convex lens.

(4) Separate a mixture of sulphur and iron provided to you.

निम्नलिखित कार्यों में से कौन-सा छात्रों में 'विश्लेषणात्मक चिंतन' को संभाव्य रूप से बढ़ावा दे सकता है ?

(1) उदाहरण द्वारा प्रभाजी आसवन चित्रित करें।

(2) क्षार धातुओं के अभिनिर्धारण के लिए रासायनिक परीक्षण को प्रदर्शित करें।

(3) एक ऐसी स्थिति बताएँ जहाँ उत्तल लेन्स में आभासी प्रतिबिंब बना हो।

(4) आपको दिए गए सल्फ़र और लौह (आइरन) के मिश्रण को पृथक करें।

**88.** A teacher wants to use inquiry approach to teach 'shadow formation' to her learners. Which of the following strategies would be most suitable for teaching-learning of this concept ?

(1) Demonstrate the formation of shadows by objects to learners.

(2) Show a PowerPoint presentation on formation of shadows.

(3) Let the learners observe around them and try different materials for the formation of shadows.

(4) Ask the learners to read relevant text from the textbook.

एक शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को 'छाया रचना' पढ़ाने हेतु जाँच-आधारित उपागम का प्रयोग करना चाहती है। निम्नलिखित में से इस अवधारणा के शिक्षण-अधिगम हेतु सर्वाधिक उपयुक्त रणनीति कौन-सी होगी ?

(1) बिंबों द्वारा शिक्षार्थियों को छाया रचना प्रदर्शित करना।

(2) छाया रचना पर पावरपॉइन्ट प्रस्तुति दिखाना।

(3) शिक्षार्थियों को उनके चारों ओर अवलोकन करने की स्वतंत्रता देना और छायाओं की रचना के लिए विभिन्न सामग्रियों का प्रयास करने देना।

(4) शिक्षार्थियों को पाठ्यपुस्तक से प्रासंगिक पाठ पढ़ने के लिए कहना।

**89.** Which of the following correctly describes a scientific hypothesis ?

(1) A hypothesis is a concise statement about a phenomenon that may be framed before or after the experiment.

(2) A hypothesis is a tentative explanation based on what is already known.

(3) A hypothesis is a broad explanation firmly supported by evidence.

(4) A hypothesis is a set of observations of a phenomenon verified by experimentation.

निम्नलिखित में से कौन-सा सही प्रकार से वैज्ञानिक परिकल्पना का वर्णन करता है ?

(1) परिकल्पना उस परिघटना के बारे में संक्षिप्त (सारिक) कथन है जिसे प्रयोग से पूर्व अथवा पश्चात् तैयार किया गया हो।

(2) परिकल्पना जो भी पूर्वज्ञात है उस पर आधारित अस्थायी व्याख्या है।

(3) परिकल्पना साक्ष्यों द्वारा दृढ़ता से समर्थित एक व्यापक व्याख्या है।

(4) परिकल्पना प्रयोग द्वारा सत्यापित परिघटना के अवलोकनों का एक समुच्चय है।

**90.** Read the excerpt given below :
"With the help of geometry, Euclid explained why distant objects appear smaller and nearby objects appear bigger. Interestingly, he believed that vision is caused by light rays emanating from the eye and falling on the objects seen. However, Aryabhatta pointed out in 5th century BC that an object is seen when it is illuminated by light from an external source."
What does the above excerpt illustrate about science ?

$S_1$ : Science is tentative.

$S_2$ : Science is subjective.

(1) Both $S_1$ and $S_2$ are false

(2) $S_1$ is true and $S_2$ is false

(3) Both $S_1$ and $S_2$ are true

(4) $S_1$ is false and $S_2$ is true

नीचे दिए गए उद्धरण को पढ़िए :
"ज्यामिति की सहायता से, यूक्लिड ने स्पष्ट किया कि क्यों दूरस्थ बिंब छोटे प्रतीत होते हैं तथा निकटस्थ बिंब बड़े प्रतीत होते हैं। रोचक रूप से, उन्हें यह विश्वास था कि अवलोकन (दृष्टि/दर्शन) आँखों से निकलने वाली प्रकाश किरणें तथा देखे गए बिंब पर पड़ने के कारण उत्पन्न होती है। हालाँकि, आर्यभट्ट ने 5वीं शताब्दी ई.पू. में सुस्पष्ट कर दिया कि बाह्य (बाहरी) स्रोत से प्रकाश द्वारा प्रदीप्तित होने पर ही बिंब दिखाई देता है।"
उपर्युक्त उद्धरण विज्ञान के विषय में क्या चित्रित करता है ?

$S_1$ : विज्ञान अस्थायी है।

$S_2$ : विज्ञान व्यक्तिनिष्ठ है।

(1) $S_1$ और $S_2$ दोनों ग़लत हैं

(2) $S_1$ सही है और $S_2$ ग़लत है

(3) $S_1$ और $S_2$ दोनों सही हैं

(4) $S_1$ ग़लत है और $S_2$ सही है

*Candidates have to do questions **31** to **90** EITHER from Part II (Mathematics and Science) OR from Part III (Social Studies/Social Science).*

*परीक्षार्थियों को प्रश्न **31** से **90** या तो भाग II (गणित व विज्ञान) या भाग III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं।*

## PART III / भाग III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE / सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** option.*

***निर्देश*** *: निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उचित** विकल्प चुनिए।*

**31.** Consider the following statements on the impact of Indigo crop on peasant life :

A. When the indigo crop was delivered to the planter after the harvest, a new loan was given to the ryot.

B. The price that the peasants got for the indigo they had produced was very low.

C. The planters insisted on the best soils for indigo.

D. Indigo did not have deep roots and exhausted the soil.

Choose the correct option :

(1) Only A, B and C are correct.
(2) Only B, C and D are correct.
(3) Only A, B and D are correct.
(4) Only A, C and D are correct.

खेतिहरों के जीवन पर नील की खेती के प्रभाव पर निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. जब फसल काटने के बाद, नील की फसल बोने वाले को दी गई, तब रैयत को एक नया कर्ज़ दिया गया।

B. नील के उत्पादन के लिए खेतिहरों को जो मूल्य मिला, वह बहुत कम था।

C. खेतिहरों ने नील की खेती के लिए उत्तम मृदाओं की माँग की।

D. नील की खेती की जड़ें गहरी नहीं होती थीं और मृदा को अशक्त कर देती थीं।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C सही हैं।
(2) केवल B, C और D सही हैं।
(3) केवल A, B और D सही हैं।
(4) केवल A, C और D सही हैं।

**32.** Match the following columns :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | Creation of Andhra Pradesh as a State | i. | 1956 |
| B. | States Reorganisation Commission submitted its first report | ii. | 1953 |
| C. | Gujarat came into existence as a State | iii. | 1966 |
| D. | Haryana became a State | iv. | 1960 |

Choose the correct option :

(1) A-ii, B-i, C-iv, D-iii (2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv (3) A-iv, B-iii, C-ii, D-i (4) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

निम्नलिखित स्तंभों का मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | एक राज्य के रूप में आंध्र प्रदेश की स्थापना | i. | 1956 |
| B. | राज्य पुनर्गठन आयोग ने अपनी पहली रिपोर्ट प्रस्तुत की | ii. | 1953 |
| C. | एक राज्य के रूप में गुजरात अस्तित्व में आया | iii. | 1966 |
| D. | हरियाणा एक राज्य बना | iv. | 1960 |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A-ii, B-i, C-iv, D-iii (2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv (3) A-iv, B-iii, C-ii, D-i (4) A-iii, B-i, C-iv, D-ii

**33.** The Buddha told the Vajjis that they would continue to prosper as long as :
A. They held frequent public assemblies.
B. They met and acted together.
C. They followed established rules.
D. Vajji women were not held by force or captured.
Choose the correct option :
(1) A and B are correct.
(2) A, B, C and D are correct.
(3) A and C are correct.
(4) A, B and C are correct.

बुद्ध ने वज्जिवासियों से कहा कि वे तब तक उन्नति करते रहेंगे जब तक :
A. वे नियमित रूप से जन सभाएँ आयोजित करते रहेंगे।
B. वे आपस में मिलजुल कर काम करते रहेंगे।
C. वे स्थापित नियमों का पालन करते रहेंगे।
D. वे वज्जी महिलाओं के साथ ज़ोर-ज़बरदस्ती नहीं करेंगे और उन्हें बंधक नहीं बनाएँगे।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) A और B सही हैं।
(2) A, B, C और D सही हैं।
(3) A और C सही हैं।
(4) A, B और C सही हैं।

**34.** Which of the following is the correct sequence in which states were annexed under the Doctrine of Lapse, from the earliest to the last ?
(1) Satara, Nagpur, Udaipur, Sambalpur, Jhansi
(2) Sambalpur, Satara, Udaipur, Nagpur, Jhansi
(3) Satara, Sambalpur, Udaipur, Nagpur, Jhansi
(4) Sambalpur, Satara, Nagpur, Udaipur, Jhansi

विलय (लैप्स) नीति के अंतर्गत सम्मिलित राज्यों के विलय का सबसे पहले से लेकर अंतिम तक सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा है ?
(1) सतारा, नागपुर, उदयपुर, संबलपुर, झाँसी
(2) संबलपुर, सतारा, उदयपुर, नागपुर, झाँसी
(3) सतारा, संबलपुर, उदयपुर, नागपुर, झाँसी
(4) संबलपुर, सतारा, नागपुर, उदयपुर, झाँसी

**35.** Who said, "We must indeed become nawabs ourselves" ?
(1) Robert Clive
(2) Warren Hastings
(3) Major Lawrence
(4) Harry Verelst

किसने कहा था "हमें वास्तव में खुद नवाब बनना होगा" ?
(1) रॉबर्ट क्लाइव
(2) वारेन हेस्टिंग्स
(3) मेजर लॉरेंस
(4) हैरी वेरेलस्ट

**36.** Read the given statements (A) and (B) :
(A) : During the nineteenth century, Christian missionaries began setting up schools for tribal groups and lower caste children.
(B) : At the same time, the poor began leaving their villages to look for jobs that were opening up in the cities.
Choose the correct option :
(1) Both (A) and (B) are true.
(2) Both (A) and (B) are false.
(3) (A) is false, but (B) is true.
(4) (A) is true, but (B) is false.

दिए गए कथन (A) तथा (B) को पढ़िए :
(A) : उन्नीसवीं सदी में ईसाई प्रचारक, आदिवासी समुदायों और निचली जातियों के बच्चों के लिए स्कूल खोलने लगे थे।
(B) : उसी समय गरीब लोगों ने शहरों में निकल रही नई नौकरियों की तलाश में गाँव छोड़कर जाना शुरू कर दिया था।
सही विकल्प का चयन कीजिए :
(1) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(2) (A) और (B) दोनों ग़लत हैं।
(3) (A) ग़लत है, परंतु (B) सही है।
(4) (A) सही है, परंतु (B) ग़लत है।

**37.** The Paramhansa Mandali was founded in 1840 to work for the abolition of which of the following issues ?

(1) Caste system (2) Widow marriage (3) Sati system (4) Child marriage

निम्नलिखित में से किसके उन्मूलन के लिए 1840 में परमहंस मंडली का गठन हुआ था ?

(1) जाति प्रथा (2) विधवा विवाह (3) सती प्रथा (4) बाल विवाह

**38.** Match the following in the context of earliest kingdoms :

| | **A** | | **B** |
|---|---|---|---|
| A. | Magadha | i. | Vaishali |
| B. | Vajji | ii. | Rajgriha |
| C. | Avanti | iii. | Taxila |
| D. | Gandhara | iv. | Ujjain |

Choose the correct option :

(1) A-i, B-iii, C-iv, D-ii (2) A-ii, B-i, C-iv, D-iii (3) A-iv, B-ii, C-iii, D-i (4) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

प्राचीन राज्यों के संदर्भ में निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | **A** | | **B** |
|---|---|---|---|
| A. | मगध | i. | वैशाली |
| B. | वज्जि | ii. | राजगृह |
| C. | अवंति | iii. | तक्षशिला |
| D. | गांधार | iv. | उज्जैन |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A-i, B-iii, C-iv, D-ii (2) A-ii, B-i, C-iv, D-iii (3) A-iv, B-ii, C-iii, D-i (4) A-iii, B-iv, C-i, D-ii

**39.** Match the following :

| | **Crop/Item** | | **Site** |
|---|---|---|---|
| A. | Green gram | i. | Koldihwa |
| B. | Black gram | ii. | Chirand |
| C. | Fragmented animal bone | iii. | Paiyampalli |
| D. | Dog | iv. | Burzahom |

Choose the correct option :

(1) A-i, B-ii, C-iii, D-iv (2) A-ii, B-iii, C-i, D-iv (3) A-iii, B-i, C-ii, D-iv (4) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | **फसल/वस्तु** | | **स्थल** |
|---|---|---|---|
| A. | हरा चना (मूँग) | i. | कोलदिह्वा |
| B. | काला चना | ii. | चिरांद |
| C. | खंडित पशु हड्डी | iii. | पैयमपल्ली |
| D. | कुत्ता | iv. | बुर्ज़ाहोम |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A-i, B-ii, C-iii, D-iv (2) A-ii, B-iii, C-i, D-iv (3) A-iii, B-i, C-ii, D-iv (4) A-i, B-iii, C-ii, D-iv

**40.** Which of the following was a tax in the form of forced labour during the reign of the Cholas ?

(1) Peruvazhi (2) Vetti (3) Kadamai (4) Porvari

निम्नलिखित में से कौन-सा कर चोल वंश के शासनकाल में बलपूर्वक श्रम के रूप में लिया जाता था ?

(1) पेरूवज़्ही (2) वेत्ती (3) कदमाई (4) पोरवरी

**41.** The Ahoms migrated to the Brahmaputra Valley in the thirteenth century from the present-day ___________ .

(1) Bhutan (2) Bangladesh

(3) Nepal (4) Myanmar

अहोम लोग तेरहवीं सदी में ब्रह्मपुत्र घाटी में वर्तमान ____________ से आकर बस गए थे।

(1) भूटान (2) बांग्लादेश

(3) नेपाल (4) म्याँमार

**42.** Which of the following statements are true about widow remarriage law in colonial India ?

A. A law permitting widow marriage was passed in 1858.

B. The number of widows who remarried increased.

C. Many conservative groups continued to oppose this new law.

D. Those who remarried were not easily accepted in society.

Choose the correct option :

(1) C and D (2) A and C (3) A and D (4) B and D

औपनिवेशिक भारत में विधवा पुनर्विवाह कानून के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

A. विधवा विवाह के पक्ष में कानून 1858 में पारित हुआ।

B. उन विधवाओं, जिनका पुनर्विवाह हुआ, की संख्या में बढ़ोतरी हो गई।

C. कई रूढ़िवादी समूह इस नए कानून का विरोध करते रहे।

D. जिन्होंने भी पुनर्विवाह किया, समाज में उनको स्वीकृति आसानी से नहीं मिली।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) C और D (2) A और C (3) A और D (4) B और D

**43.** Which one of the following is ***not*** true for the Indian National Congress during the colonial period ?

(1) It wanted the Legislative Councils to be more representative.

(2) It demanded the civil service examinations be held in London, not in India.

(3) It demanded a greater voice for Indians in the government and in the administration.

(4) In the first twenty years it was "moderate" in its objectives and methods.

निम्नलिखित में से भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के लिए औपनिवेशिक काल में कौन-सा सही ***नहीं*** है ?

(1) इसका आग्रह था कि विधान परिषदों में अधिक प्रतिनिधित्व दिया जाए।

(2) उसने माँग की कि सिविल सेवा परीक्षाएँ भारत में नहीं, बल्कि लंदन में होनी चाहिए।

(3) इसने सरकार और शासन में भारतीयों को और ज़्यादा जगह दिए जाने के लिए आवाज़ उठाई।

(4) अपने पहले बीस वर्षों में यह अपने उद्देश्यों और तरीकों के लिहाज़ से "मध्यमार्गी" पार्टी थी।

**44.** From the following, how many pairs are correctly matched as mentioned in the Pallava inscriptions ?

I. Sabha – Assembly of Brahmin landowners

II. Ur – Organisation of Merchants

III. Nagaram – Village assembly

Choose the correct option :

(1) All three (2) Only two (3) None of these (4) Only one

निम्नलिखित में से, पल्लव अभिलेखों में उल्लेखित कितने युग्म सही सुमेलित हैं ?

I. सभा – ब्राह्मण भूस्वामियों की सभा

II. उर – व्यापारियों का संगठन

III. नगरम – ग्राम सभा

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) सभी तीन (2) केवल दो (3) इनमें से कोई नहीं (4) केवल एक

**45.** What do we call the streams of water flowing constantly on the ocean surface in definite directions ?

(1) Tsunami (2) Tides (3) Currents (4) Waves

निश्चित दिशा में महासागरीय सतह पर नियमित रूप से बहने वाली जल की धाराओं को हम क्या कहते हैं ?

(1) सुनामी (2) ज्वार-भाटा (3) धाराएँ (4) तरंगें

**46.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Tropical deciduous trees shed their leaves in the dry season.

**Reason (R) :** Trees adapt according to climatic conditions and shed their leaves to conserve water in dry season.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(2) (A) is true, but (R) is false.
(3) Both (A) and (R) are false.
(4) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वृक्ष शुष्क मौसम में अपने पत्ते गिरा देते हैं।

**कारण (R) :** वृक्ष जलवायु-संबंधी परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को अनुकूलित कर लेते हैं और शुष्क मौसम में पानी के संरक्षण हेतु अपने पत्ते गिरा देते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।
(2) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।
(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**47.** Consider the following pairs and identify how many of the given pairs are correctly matched :

| | **Type of forest** | | **Tree found** |
|---|---|---|---|
| A. | Tropial Rain Forest | — | Mahogany |
| B. | Tropical Deciduous Forest | — | Rosewood |
| C. | Thorny Bushes | — | Deodar |
| D. | Mangrove Forests | — | Sundari |

Choose the correct option :

(1) All four (2) Only two (3) Only one (4) Only three

निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए तथा पहचानिए कि दिए गए कितने युग्म सही सुमेलित हैं :

| | **वनों का प्रकार** | | **पाए जाने वाले वृक्ष** |
|---|---|---|---|
| A. | उष्णकटिबंधीय वर्षा वन | — | महोगनी |
| B. | उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन | — | रोज़वुड |
| C. | कँटीली झाड़ियाँ | — | देवदार |
| D. | मैंग्रोव वन | — | सुंदरी |

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) सभी चार (2) केवल दो (3) केवल एक (4) केवल तीन

**48.** What causes the formation of mushroom rocks ?

(1) Weathering (2) Earthquake (3) Deposition (4) Erosion

छत्रक शैल का निर्माण किन कारणों से होता है ?

(1) अपक्षय (2) भूकंप (3) निक्षेपण (4) अपरदन

**49.** Which of the following statements is/are correct for temperate zones ?

A. Temperate zones have moderate temperature.

B. The mid-day Sun never shines overhead on any latitude in this zone.

C. It spans between the Arctic Circle and the Equator in the Northern hemisphere only.

Choose the correct option :

(1) All A, B and C (2) Only A (3) Only A and B (4) Only A and C

निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से शीतोष्ण कटिबंध के लिए सही है/हैं ?

A. शीतोष्ण कटिबंधों में तापमान मध्यम रहता है।

B. इस कटिबंध के किसी भी अक्षांश पर दोपहर का सूर्य कभी भी सिर के ऊपर नहीं होता है।

C. यह केवल उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तरध्रुवीय वृत्त तथा विषुवत् वृत्त के बीच फैला हुआ है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और C सभी (2) केवल A (3) केवल A और B (4) केवल A और C

**50.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Wet clothes take a longer time to dry on a humid day.

**Reason (R) :** The rate of evaporation increases on a humid day.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) (A) is true, but (R) is false.

(3) Both (A) and (R) are false.

(4) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** आर्द्र दिन में गीले कपड़े सूखने में ज्यादा समय लगता है।

**कारण (R) :** आर्द्र दिन में वाष्पीकरण की दर बढ़ जाती है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(2) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(3) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**51.** Which of the following statements is true about heat zones of the Earth ?

(1) All the areas lying between the Equator and the Arctic Circle are called temperate zone.

(2) In the whole Southern hemisphere the Sun does not rise much above the horizon, Sun rays are always slanting here.

(3) The mid-day Sun never shines overhead on any latitude beyond the Tropic of Cancer and the Tropic of Capricorn.

(4) The mid-day Sun is exactly overhead at least once a year on all latitudes in between the Tropic of Cancer and Arctic Circle.

पृथ्वी के ताप कटिबंधों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) विषुवत् वृत्त व उत्तरध्रुवीय वृत्त के बीच का सारा क्षेत्र शीतोष्ण कटिबंध कहलाता है।

(2) पूरे दक्षिणी गोलार्द्ध में सूर्य क्षितिज से ज्यादा ऊपर नहीं जा पाता है, सूर्य की किरणें यहाँ हमेशा तिरछी पड़ती हैं।

(3) कर्क रेखा व मकर रेखा के परे किसी भी अक्षांश पर दोपहर का सूर्य कभी भी ठीक सिर के ऊपर नहीं आता है।

(4) कर्क रेखा तथा उत्तरध्रुवीय वृत्त के बीच के सभी अक्षांशों पर कम-से-कम वर्ष में एक बार दोपहर में सूर्य ठीक सिर के ऊपर होता है।

**52.** The opening time of Central Government offices in India is 09:00 a.m. IST. What will be the local time of opening of the Central Government offices located at 78º 30′ East Longitude near Hyderabad and 92º 45′ East Longitude near Aizawl, respectively ?

(1) 09:16 a.m. and 08:19 a.m. respectively
(2) 08:44 a.m. and 09:41 a.m. respectively
(3) 08:19 a.m. and 09:16 a.m. respectively
(4) 09:41 a.m. and 08:44 a.m. respectively

भारत में केंद्रीय सरकार कार्यालयों के खुलने का समय सुबह के 09:00 बजे भारतीय मानक समय (आईएसटी) का है। तो हैदराबाद के पास 78º 30′ पूर्व देशांतर तथा आइज़ॉल के पास 92º 45′ पूर्व देशांतर पर क्रमश: स्थित केंद्रीय सरकार कार्यालयों के खुलने का स्थानीय समय क्या होगा ?

(1) क्रमश: सुबह के 09:16 बजे तथा सुबह के 08:19 बजे
(2) क्रमश: सुबह के 08:44 बजे तथा सुबह के 09:41 बजे
(3) क्रमश: सुबह के 08:19 बजे तथा सुबह के 09:16 बजे
(4) क्रमश: सुबह के 09:41 बजे तथा सुबह के 08:44 बजे

**53.** Consider the following statements about migration :

A. Migration has no effect on population size as people emigrate from the country and almost an equal number of them immigrate to the country.
B. International migration is largely from the less developed nations to the more developed nations.
C. Sudan is an example of a country that has experienced a loss in population due to emigration.

Choose the correct option :

(1) All A, B and C are correct.
(2) Only A and B are correct.
(3) Only B and C are correct.
(4) Only A and C are correct.

प्रवास के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

A. प्रवास का जनसंख्या के आकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि जितने लोग उत्प्रवास करके देश से बाहर जाते हैं, उतने ही अप्रवासी देश में वापस आ जाते हैं।
B. अन्तर्राष्ट्रीय प्रवास अधिकतर कम विकसित राष्ट्रों से अधिक विकसित राष्ट्रों की ओर होता है।
C. सूडान एक ऐसे देश का उदाहरण है, जिसमें लोगों के उत्प्रवास के कारण जनसंख्या में कमी का अनुभव हो रहा है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और C सभी सही हैं।
(2) केवल A और B सही हैं।
(3) केवल B और C सही हैं।
(4) केवल A और C सही हैं।

**54.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Polar easterlies in the northern hemisphere move towards the right direction.

**Reason (R) :** The Earth rotating on its axis affects the direction of the winds.

(1) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are false.
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** उत्तरी गोलार्द्ध में ध्रुवीय पूर्वी पवनें दक्षिणावर्त (दायीं ओर) मुड़ती हैं।

**कारण (R) :** पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना पवनों की दिशा पर प्रभाव डालता है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।
(2) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।
(3) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।
(4) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

**55.** A population pyramid narrow at the base and higher in size reflects :

A. High death rates of infants

B. Low birth rates

C. Increased life expectancy

D. Decreased death rates

Choose the correct option :

(1) Only B, C and D (2) Only A, B and C (3) Only A, C and D (4) Only A and B

एक संकरे आधार और ऊँचाई वाला जनसंख्या पिरामिड दर्शाता है :

A. शिशुओं की उच्च मृत्यु दर

B. निम्न जन्म दर

C. बढ़ी हुई जीवन प्रत्याशा

D. घटी मृत्यु दर

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल B, C और D (2) केवल A, B और C (3) केवल A, C और D (4) केवल A और B

**56.** Agriculture includes __________.

A. Growing vegetables

B. Pisciculture

C. Horticulture

D. Rearing of livestock

Choose the correct option :

(1) Only A and B (2) Only A, C and D (3) Only A, B and C (4) Only A

कृषि में शामिल हैं __________ ।

A. सब्जी उगाना

B. पिस्सीकल्चर (मत्स्यपालन)

C. हॉर्टीकल्चर (बागवानी)

D. पशुपालन

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A और B (2) केवल A, C और D (3) केवल A, B और C (4) केवल A

**57.** Which of the following statements is/are correct about meteoroids ?

A. They are found between the orbits of Mars and Jupiter.

B. It is believed that they are parts of a planet which exploded many years ago.

C. These are small pieces of rocks which move around the Sun and sometimes they come close to the Earth and tend to drop upon it.

Choose the correct option :

(1) Only A and C (2) Only A (3) Only C (4) Only B

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन उल्कापिंडों के बारे में सही है/हैं ?

A. ये मंगल और बृहस्पति की कक्षाओं के बीच पाए जाते हैं।

B. यह माना जाता है कि वे ग्रह के ही भाग हैं जो बहुत वर्ष पहले विस्फोटित हो गए थे।

C. ये सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाले पत्थरों के छोटे-छोटे टुकड़े होते हैं जो कभी पृथ्वी के इतने नज़दीक आ जाते हैं कि इनकी प्रवृत्ति पृथ्वी पर गिरने की होती है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A तथा C (2) केवल A (3) केवल C (4) केवल B

**58.** What would you commonly associate a ginning mill with ?

(1) Sugar (2) Wheat flour (3) Cotton bales (4) Sunflower

एक जिनिंग मिल को आप आमतौर पर किसके साथ जोड़ेंगे ?

(1) चीनी (2) गेहूँ का आटा (3) रुई की गाँठें (4) सूरजमुखी

**59.** Electronic Voting Machines (EVMs) are being used in India since 2004 for all general elections. It mainly saves ___________.

(1) approximately 1,50,000 trees that are required to be cut to make ballot papers for every general election

(2) the money transferred illegally for getting votes

(3) the energy and efforts of local public

(4) the time of the voters and the Election Commission

2004 के बाद से भारत में सभी आम चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (इवीएम) का उपयोग किया जा रहा है। यह मुख्यत: बचाती है ___________ ।

(1) लगभग 1,50,000 पेड़ जो हर आम चुनाव में मतपत्र छापने के लिए काटे जाते हैं

(2) मत प्राप्त करने के लिए अवैध रूप से धन हस्तांतरण

(3) स्थानीय जनता की ऊर्जा और प्रयास

(4) चुनाव आयोग व मतदाताओं का समय

**60.** Consider the following statements :

(A) Enforcement of laws is even more important when the law seeks to protect the weak from the strong.

(B) Markets everywhere tend to be exploitative of workers only.

Choose the correct option :

(1) Neither (A) nor (B) is correct. (2) Only (A) is correct.

(3) Both (A) and (B) are correct. (4) Only (B) is correct.

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(A) जब कोई कानून ताकतवर लोगों से कमज़ोर लोगों की रक्षा के लिए बनाया जाता है, तो उसको लागू करना और भी महत्त्वपूर्ण बन जाता है।

(B) बाज़ारों में हर जगह केवल मज़दूरों के शोषण की संभावना बनी रहती है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) न तो (A) और न ही (B) सही है। (2) केवल (A) सही है।

(3) (A) और (B) दोनों सही हैं। (4) केवल (B) सही है।

**61.** In which state would you find the sea coast where Vasco da Gama first landed after discovering the sea route from Europe to India ?

(1) Andhra Pradesh (2) Kerala

(3) Tamil Nadu (4) Karnataka

यूरोप से भारत तक के समुद्री मार्ग की खोज करते हुए, जिस समुद्री तट पर वास्को डी गामा पहली बार पहुँचे थे उसे आप किस राज्य में पाएँगे ?

(1) आंध्र प्रदेश (2) केरल

(3) तमिलनाडु (4) कर्नाटक

**62.** The most distinctive aspect about the tribal societies is that there is very little ___________ among them.

(1) hierarchy (2) diversity (3) heterogeneity (4) disunity

आदिवासी समाजों का अति विशिष्ट पहलू (पक्ष) यह है कि उनके बीच बहुत ही कम ___________ है।

(1) पदानुक्रम (ऊँच-नीच) (2) विविधता (3) विजातीयता (4) फूट

**63.** Which among the following statements is/are true ?

A. Women are emotional, is a common gender stereotype.

B. The concepts of purity and pollution are associated with caste system.

C. English is a superior language, is a prejudiced statement.

D. Recognition of plurality of religions is not a feature of diversity in India.

Choose the correct option :

(1) Only B (2) Only A

(3) A, B and C (4) Only B and D

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. औरतें भावुक होती हैं, यह जेंडर संबंधी सामान्य रूढ़िबद्ध धारणा है।

B. पवित्रता और अपवित्रता की धारणाएँ जाति व्यवस्था से जुड़ी हैं।

C. अंग्रेजी एक बेहतर भाषा है, यह पूर्वाग्रह से ग्रसित एक कथन है।

D. धर्मों के अनेकत्व की पहचान भारत में विविधता की एक विशेषता नहीं है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल B (2) केवल A

(3) A, B और C (4) केवल B और D

**64.** Which part of the Indian Constitution serves as a guide to the Independent Indian State to institute laws and policies that help reduce the poverty of the masses ?

(1) Fundamental Duties (2) Fundamental Rights

(3) Directive Principles of State Policy (4) Federalism

भारतीय संविधान का कौन-सा भाग स्वतंत्र भारतीय राज्य को ऐसे कानूनों और नीतियों को स्थापित करने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करता है जो जनता की ग़रीबी को कम करने में मदद करते हैं ?

(1) मौलिक कर्तव्य (2) मौलिक अधिकार

(3) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (4) संघवाद

**65.** Which of the following Fundamental Rights are given to every arrested person under Article 22 of the Indian Constitution ?

A. The right to be informed of the offence for which he/she is being arrested.

B. The right to be presented before a magistrate within 48 hours of arrest.

C. The right not to be ill-treated or tortured during arrest or in custody.

D. The right of women and children not to be arrested.

Choose the correct option :

(1) Only A and B are correct. (2) Only B, C and D are correct.

(3) Only A and C are correct. (4) Only A and D are correct.

निम्नलिखित में से कौन-से मौलिक अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 22 के तहत प्रत्येक गिरफ़्तार व्यक्ति को दिए जाते हैं ?

A. गिरफ़्तारी का कारण जानने का अधिकार।

B. गिरफ़्तारी के 48 घंटों के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेश होने का अधिकार।

C. गिरफ़्तारी अथवा हिरासत में किसी तरह के दुर्व्यवहार से बचने का अधिकार।

D. बच्चों व महिलाओं को गिरफ़्तार न किए जाने का अधिकार।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A और B सही हैं। (2) केवल B, C और D सही हैं।

(3) केवल A और C सही हैं। (4) केवल A और D सही हैं।

**66.** Which mechanism in a democratic country puts a limit on the powers of the government ?

(1) People asserting their rights (2) Regular elections

(3) Presence of pressure groups (4) Multi-party system

एक लोकतांत्रिक देश में कौन-सी कार्यविधि सरकार की शक्तियों पर नियंत्रण लगाती है ?

(1) अपने अधिकारों का दावा करने वाली जनता (2) नियमित चुनाव

(3) दबाव-गुटों/प्रभावी समूहों की उपस्थिति (4) बहुदलीय व्यवस्था (प्रणाली)

**67.** The National Medical Commission's Code of Medical Ethics states every physician should prescribe drugs that come under ___________ medicines.

(1) Generic (2) Superfluous (3) International (4) Preventive

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की चिकित्सा आचार-संहिता में कहा गया है कि प्रत्येक चिकित्सक को ऐसी दवाएँ लिखनी चाहिए जो ___________ दवाओं के अन्तर्गत आती हैं।

(1) जेनेरिक (2) अनावश्यक (3) अंतर्राष्ट्रीय (4) निवारक

**68.** "An African-American refused to give up her seat on a bus to a white man in 1955 and the incident led to the Civil Rights Movement in USA." Who was this person ?

(1) Nelson Mandela (2) Rosa Luxemburg (3) Rosa Parks (4) Noam Chomsky

"एक अफ्रीकी-अमेरिकन ने 1955 में एक गोरे व्यक्ति को बस में अपनी सीट देने से मना कर दिया था और इस घटना ने सं.रा. अमेरिका में नागरिक अधिकार आंदोलन को जन्म दिया।" वह व्यक्ति कौन था/थी ?

(1) नेल्सन मंडेला (2) रोज़ा लक्ज़ेमबर्ग (3) रोज़ा पार्क्स (4) नोआम चॉमस्की

**69.** Which of the following are features of the Indian Constitution ?

A. It offers special privileges for the supremacy of the judiciary.

B. It adopts universal adult franchise.

C. It guarantees equality before the law to all citizens.

D. It offers special privileges to the poorest and most disadvantaged Indians.

Choose the correct option :

(1) A, B and C only (2) A, C and D only

(3) B, C and D only (4) A, B and D only

निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय संविधान की विशेषताएँ हैं ?

A. इसमें न्यायपालिका की सर्वोच्चता के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था है।

B. इसमें सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का प्रावधान किया गया है।

C. इसमें सभी नागरिकों को कानून के समक्ष समानता की गारंटी दी गई है।

D. इसमें समाज के निर्धन और सबसे वंचित तबकों (भारतीयों) के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की गई है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B तथा C (2) केवल A, C तथा D

(3) केवल B, C तथा D (4) केवल A, B तथा D

**70.** A stereotypical viewpoint regards housework as ___________.

(1) time-consuming for women (2) women's natural work

(3) valuable work that women do (4) difficult for women

एक रूढ़िबद्ध धारणा के अनुसार घरेलू काम ___________ होते हैं।

(1) महिलाओं का समय लेने वाले काम (2) महिलाओं के लिए स्वाभाविक काम

(3) महिलाओं द्वारा किए गए मूल्यवान काम (4) महिलाओं के लिए मुश्किल काम

**71.** Which of the following methods of teaching social science involves students to go beyond textbooks ?

A. Project work

B. Lecture

C. Questioning

D. Demonstration

Choose the correct option :

(1) A and B (2) A, C and D

(3) B and C (4) A, B and C

निम्नलिखित में से कौन-सी सामाजिक विज्ञान शिक्षण की विधि में छात्रों का पाठ्यपुस्तक के परे जाना सम्मिलित होता है ?

A. परियोजना कार्य

B. व्याख्यान

C. प्रश्न विधि

D. प्रदर्शन

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A तथा B (2) A, C तथा D

(3) B तथा C (4) A, B तथा C

**72.** Which of the following would be the correct sequence of the steps in the 5E model lesson plan ?

(1) Evaluate, explain, explore, engage, elaborate

(2) Explore, engage, explain, elaborate, evaluate

(3) Explain, elaborate, evaluate, engage, explore

(4) Engage, explore, explain, elaborate, evaluate

एक 5E मॉडल पाठ योजना के पदों का सही क्रम निम्नलिखित में से कौन-सा होगा ?

(1) मूल्यांकन करना, व्याख्या करना, अन्वेषण करना, संलग्न करना, विस्तार करना

(2) अन्वेषण करना, संलग्न करना, व्याख्या करना, विस्तार करना, मूल्यांकन करना

(3) व्याख्या करना, विस्तार करना, मूल्यांकन करना, संलग्न करना, अन्वेषण करना

(4) संलग्न करना, अन्वेषण करना, व्याख्या करना, विस्तार करना, मूल्यांकन करना

**73.** Which of the questions or activities promote analytical thinking and creativity ?

A. The Harappan civilization settled near which river ?

B. Make a map of your house.

C. Why are day and night not equal throughout the year ?

D. What is the purpose of celebrating festivals ?

Choose the correct option :

(1) Only A and B (2) Only A and D

(3) Only C and D (4) A, C and D only

दिए गए प्रश्नों या गतिविधियों में से कौन-से बच्चों में विश्लेषणात्मक चिंतन व सर्जनात्मकता को बढ़ावा देते हैं ?

A. हड़प्पा सभ्यता किस नदी के पास बसी थी ?

B. अपने घर का मानचित्र बनाओ।

C. दिन और रात वर्ष भर बराबर क्यों नहीं होते ?

D. त्योहार मनाने का उद्देश्य क्या होता है ?

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A और B (2) केवल A और D

(3) केवल C और D (4) केवल A, C और D

**74.** Which of the following could be the aim of a social science teacher ?

A. Making students respond to desired situations.

B. Accepting the student as an active learner.

C. Controlling the free expression of students to maintain discipline.

D. Giving importance to the ambitious behaviour of the students, motivating them to become ambitious.

Choose the correct option :

(1) A, B, C and D (2) A, C and D only

(3) B only (4) A only

एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक का निम्नलिखित में से कौन-सा उद्देश्य हो सकता है ?

A. छात्रों से वांछित परिस्थितियों हेतु उत्तर लेना।

B. छात्रों को एक सक्रिय अधिगमकर्ता के रूप में स्वीकार करना।

C. अनुशासन बनाए रखने के लिए छात्रों की स्वतंत्र अभिव्यक्ति को नियंत्रित करना।

D. छात्रों के महत्त्वाकांक्षी व्यवहार को महत्त्व देते हुए उन्हें महत्त्वाकांक्षी बनने के लिए प्रेरित करना।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B, C और D (2) केवल A, C और D

(3) केवल B (4) केवल A

**75.** During a discussion on the topic "How Weather Forecasts Help Us" in a social studies class, a teacher may :

(1) show a news clip on weather forecasting.

(2) ask students to draw pictures of different weather conditions.

(3) assign the role of persons involved in different rural and urban professions to students.

(4) show a PowerPoint presentation containing the summary of textbook contents.

सामाजिक अध्ययन कक्षा में "मौसम का पूर्वानुमान हमारी कैसे सहायता करता है" विषय पर चर्चा के समय, शिक्षक :

(1) समाचार में मौसम पूर्वानुमान की एक क्लिप दिखा सकता है।

(2) विद्यार्थियों को विभिन्न मौसम संबंधी परिस्थितियों के चित्रों को बनाने के लिए कह सकता है।

(3) विद्यार्थियों को ऐसे व्यक्तियों की भूमिका नियत करवा सकता है जो कि विभिन्न ग्रामीण तथा नगरीय कार्यों में सम्मिलित हैं।

(4) पाठ्यपुस्तक में दी गई विषय-वस्तु के सारांश को पावरप्वॉइंट प्रस्तुति में दिखा सकता है।

**76.** Which one of the following questions will develop critical or logical thinking in students ?

A. Open-ended questions

B. Closed-ended questions

C. Exploratory questions

D. Convergent questions

Choose the correct option :

(1) B, C and D (2) A, C and D

(3) A, B and C (4) A, B and D

निम्नलिखित में से कौन-से प्रश्न विद्यार्थियों में आलोचनात्मक अथवा तार्किक चिंतन विकसित करेंगे ?

A. मुक्तांत प्रश्न (खुले-सिरे वाले प्रश्न)

B. बंद-सिरे वाले प्रश्न

C. अन्वेषणात्मक प्रश्न

D. अभिसारी (अभिसृत) प्रश्न

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) B, C और D (2) A, C और D

(3) A, B और C (4) A, B और D

**77.** While discussing gender roles in the classroom a teacher should :

A. Suggest different professions for males and females.

B. Offer different types of education to boys and girls.

C. Lay emphasis on challenging gender stereotypes in one's everyday life.

Choose the correct option :

(1) B and C (2) A and B

(3) Only C (4) A and C

कक्षा में जेंडर (लैंगिक) भूमिकाओं पर चर्चा करते समय एक शिक्षक को :

A. पुरुषों और महिलाओं को अलग-अलग व्यवसाय अपनाने का सुझाव देना चाहिए।

B. लड़कों तथा लड़कियों को अलग-अलग प्रकार की शिक्षा देनी चाहिए।

C. जेंडर (लैंगिक) रूढ़ियों को दैनिक जीवन में चुनौती देने पर जोर देना चाहिए।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) B तथा C (2) A तथा B

(3) केवल C (4) A तथा C

**78.** A learner is continuously getting low marks in social science. Which of the following assessments is required to understand the difficulties ?

A. Placement

B. Summative

C. Diagnostic

D. Formative

Choose the correct option :

(1) A and D (2) A and B

(3) Only B (4) C and D

एक शिक्षार्थी सामाजिक विज्ञान में लगातार कम अंक ला रहा है। उसकी समस्याओं को समझने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा आकलन करना चाहिए ?

A. स्थापन

B. योगात्मक

C. नैदानिक

D. रचनात्मक

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A तथा D (2) A तथा B

(3) केवल B (4) C तथा D

**79.** What is the main objective of peer assessment in the evaluation ?

(1) Enabling students to learn to assess and provide constructive feedback.

(2) Strengthening social relationships while providing feedback to improve performance of peers.

(3) Making the evaluation process simple and easy for the teacher.

(4) Providing a structured learning process to critique peer students.

मूल्यांकन के लिए प्रयुक्त सहपाठी आकलन का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(1) छात्रों को आकलन करना सीखने व रचनात्मक प्रतिपुष्टि प्रदान करने में सक्षम बनाना।

(2) सहपाठी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिपुष्टि प्रदान करते समय सामाजिक संबंधों को दृढ़ करना।

(3) शिक्षक के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया को सरल और सहज बनाना।

(4) सहपाठी छात्रों को आलोचना करने के लिए एक संरचित सीखने की प्रक्रिया प्रदान करना।

**80.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** In the classroom, concepts should be explained to the students through the lived experiences of individuals and communities.

**Reason (R) :** Teaching generalised notes on cultural, social and class differences may generate their own biases, prejudices and attitudes in classroom.

(1) (A) is false, but (R) is true.

(2) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(3) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(4) (A) is true, but (R) is false.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** कक्षा में, व्यक्तियों एवं समुदायों द्वारा जिए गए अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों को अवधारणाएँ स्पष्ट की जानी चाहिए।

**कारण (R) :** सांस्कृतिक, सामाजिक तथा वर्ग विभेदों पर सामान्यीकृत टिप्पणियों से शिक्षण कक्षा में उनके स्वयं के पक्षपातों, रूढ़ियों एवं प्रवृत्तियों को उत्पन्न कर सकती हैं।

(1) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

(2) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(4) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

**81.** Given below are two statements, one marked as Assertion (A) and the other as Reason (R). Read the statements and choose the correct option.

**Assertion (A) :** Explaining about civilization and culture, the teacher tells the children that social studies is related to culture and civilization and at the same time it affirms the scientific approach.

**Reason (R) :** Social science has nothing to do with art. Science, when combined with society, becomes social science; therefore, it is related only to science.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(2) Both (A) and (R) are false.

(3) (A) is true, but (R) is false.

(4) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें एक को अभिकथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प चुनिए।

**अभिकथन (A) :** सभ्यता और संस्कृति के बारे में बताते हुए शिक्षक बच्चों को कहता है कि सामाजिक अध्ययन संस्कृति और सभ्यता से जुड़ा है, साथ ही साथ यह वैज्ञानिक दृष्टिकोण की पुष्टि भी करता है।

**कारण (R) :** सामाजिक विज्ञान का कला से कोई संबंध नहीं है। समाज के साथ विज्ञान जुड़कर सामाजिक विज्ञान बना है; इसलिए इसका संबंध केवल विज्ञान से है।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) की (R) सही व्याख्या करता है।

(2) (A) और (R) दोनों ग़लत हैं।

(3) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(4) (A) और (R) दोनों सहीं हैं, लेकिन (A) की (R) सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**82.** Ambika wants to teach her class about land features, ocean currents, volcanoes and climate. Which of the following teaching-learning material should she choose ?

(1) Timelines, blackboard, specimens
(2) Graphs, pictures, flashcards
(3) Working models, maps, globe
(4) Charts, scrapbooks, graphs

अम्बिका अपनी कक्षा के बच्चों को स्थलीय आकृतियों, महासागरीय धाराओं, ज्वालामुखियों और जलवायु के बारे में पढ़ाना चाहती है। निम्नलिखित में से उसे कौन-सी शिक्षण-अधिगम सामग्री का चुनाव करना चाहिए ?

(1) काल रेखाएँ, ब्लैकबोर्ड, नमूने
(2) ग्राफ, तस्वीरें, फ्लैश कार्ड्स
(3) कार्यकारी मॉडल, मानचित्र, ग्लोब
(4) चार्ट, स्क्रेपबुक, ग्राफ

**83.** Consider statements (A) and (B) :

(A) Cooperative learning and collaborative learning are two different methods to teach social sciences.
(B) In a classroom, each student prepared a presentation on the theme "Our Food" and contributed to the overall theme. This is an example of collaborative learning.

Choose the correct option :

(1) Both (A) and (B) are correct.
(2) Only (A) is correct.
(3) Only (B) is correct.
(4) Both (A) and (B) are incorrect.

कथन (A) और (B) पर विचार कीजिए :

(A) कोऑपरेटिव और कोलैबोरेटिव (सहकारी व सहयोगात्मक) अधिगम सामाजिक विज्ञान शिक्षण की दो अलग विधियाँ हैं।
(B) कक्षा का प्रत्येक छात्र 'हमारे भोजन' विषय पर प्रस्तुतीकरण तैयार करता है और विषय की समझ में अपना योगदान देता है। यह कोलैबोरेटिव (सहयोगात्मक) शिक्षण का एक उदाहरण है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(2) केवल (A) सही है।
(3) केवल (B) सही है।
(4) (A) और (B) दोनों ग़लत हैं।

**84.** The objectives of teaching history are to :

A. illustrate the sources used to reconstruct history.
B. appreciate the skills and knowledge of early societies.
C. identify archaeological evidences and making deductions from them.
D. remember all the dates, places and persons whose details are discussed in textbooks.

Choose the correct option :

(1) A, B and D (2) A, B and C (3) B, C and D (4) A, C and D

इतिहास शिक्षण के उद्देश्य हैं :

A. इतिहास के पुनर्निर्माण में प्रयुक्त स्रोतों को चित्रित करना।
B. प्रारंभिक समाजों के कौशल एवं ज्ञान की सराहना करना।
C. पुरातत्त्वीय साक्ष्यों (प्रमाणों) की पहचान करना तथा उनसे निगमन बनाना।
D. उन सभी तिथियों, स्थानों तथा व्यक्तियों को याद रखना जिनके विवरण की चर्चा पाठ्यपुस्तक में हो रखी है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B और D (2) A, B और C (3) B, C और D (4) A, C और D

**85.** Suppose a middle school social studies teacher assigns a project work on Shivaji. Which of the following would be highly relevant to develop critical thinking ?

A. Prescribed textbook
B. Books from school library
C. Details from more than one Internet website
D. Information shared by the teacher in class
E. Information shared in social networking applications

Choose the correct option :

(1) Only A, B and C
(2) Only A, B, C and D
(3) Only A, C, D and E
(4) Only A and D

कल्पना कीजिए कि मिडिल स्कूल का एक सामाजिक अध्ययन शिक्षक शिवाजी पर एक परियोजना कार्य निर्दिष्ट करता है। निम्नलिखित में से कौन-सा आलोचनात्मक चिंतन को विकसित करने हेतु उच्च रूप से प्रासंगिक हो सकता है ?

A. निर्धारित पाठ्यपुस्तक
B. स्कूल पुस्तकालय से पुस्तकें
C. एक से अधिक इंटरनेट वेबसाइटों से विवरण
D. कक्षा में शिक्षक द्वारा साझा की गई सूचना/जानकारी
E. सोशल नेटवर्किंग ऐप्लिकेशन में साझा की गई सूचना/जानकारी

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A, B और C
(2) केवल A, B, C और D
(3) केवल A, C, D और E
(4) केवल A और D

**86.** The teacher tells the students that "the temperature decreases with the increase in height up to a certain level of the atmosphere". Then the students solve problems related to the temperature of different places located at different latitudes. This is an example of ____________.

(1) Constructivist approach
(2) Deductive approach
(3) Interdisciplinary approach
(4) Inductive approach

शिक्षिका छात्रों को बताती है कि "वायुमंडल के एक निश्चित स्तर तक ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में कमी आती है"। उसके बाद छात्र विभिन्न अक्षांशों पर स्थित विभिन्न स्थानों के तापमान से संबंधित समस्याओं को हल करते हैं। यह एक उदाहरण है :

(1) रचनावादी उपागम का
(2) निगमनात्मक उपागम का
(3) अंत:विषयी उपागम का
(4) आगमनात्मक उपागम का

**87.** Sonu is a visually disabled student of class VII. With reference to this, choose the correct option from the statements given below :

(1) He can study in a normal school, but he should be promoted to the next class without any examination.
(2) He must be in a special school.
(3) All students of the class should be sympathetic towards him.
(4) Social science teacher must modify her teaching and assessment strategies to include him in the normal class.

सोनू कक्षा VII का एक दृष्टिबाधित छात्र है। इस संदर्भ में नीचे दिए गए कथनों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) वह सामान्य विद्यालय में पढ़ सकता है, लेकिन उसकी अगली कक्षा में पदोन्नति के लिए कोई परीक्षा नहीं होनी चाहिए।
(2) उसे विशिष्ट विद्यालय में होना चाहिए।
(3) कक्षा के सभी विद्यार्थियों को उसके साथ सहानुभूति रखनी चाहिए।
(4) सामाजिक विज्ञान के अध्यापक को अपने शिक्षण और आकलन विधियों में बदलाव करके उसका सामान्य कक्षा में समावेश करना चाहिए।

**88.** What should be the sequence the students must follow to prepare a project on the theme, 'Role of Government in Health System' ?

A. Presenting the findings
B. Deciding on the objectives
C. Planning of collection of data
D. Finding the specific sources of data

Choose the correct option :

(1) A, B, C, D (2) B, D, C, A
(3) B, C, D, A (4) A, C, B, D

'स्वास्थ्य प्रणाली में सरकार की भूमिका' विषय पर किए गए परियोजना कार्य को प्रस्तुत करने के लिए छात्रों को किस क्रम का पालन करना चाहिए ?

A. निष्कर्षों को प्रस्तुत करना
B. उद्देश्यों का निर्धारण करना
C. आँकड़े एकत्रण की योजना बनाना
D. आँकड़े एकत्रण हेतु विशिष्ट स्रोतों को ढूँढ़ना

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A, B, C, D (2) B, D, C, A
(3) B, C, D, A (4) A, C, B, D

**89.** Which statement is/are correct regarding evaluation ?

A. According to the National Education Policy 2020, the evaluation of children will be creative and multidimensional (360 degree) in a holistic manner.
B. Formative assessment is competency-based, it promotes learning among students.
C. Criterion-referenced assessment refers to how a student scores in comparison to other students.
D. Norm-referenced assessment refers to how a student's score compares to apre-determined standard.

Choose the correct option :

(1) A only (2) A, B, C and D (3) A and D only (4) A, C and D only

मूल्यांकन के संबंध में कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

A. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, बच्चों का मूल्यांकन एक समग्र के रूप में रचनात्मक होने के साथ बहुआयामी (360 डिग्री) होगा।
B. रचनात्मक आकलन दक्षता-आधारित होता है, यह विद्यार्थियों में सीखने को बढ़ावा देता है।
C. मानदंड-संदर्भित आकलन संदर्भित करता है कि एक छात्र का स्कोर अन्य छात्रों के तुलना में कितना है।
D. मानक-संदर्भित आकलन संदर्भित करता है कि एक छात्र का स्कोर पूर्व-निर्धारित मानक की तुलना में कितना है।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A (2) A, B, C और D (3) केवल A और D (4) केवल A, C और D

**90.** Which of the following sources will provide primary information 'to teach about challenges faced by women at workplace' ?

(1) Newspaper articles (2) Personal interviews
(3) Textbooks (4) Biographies

'महिलाओं द्वारा कार्यक्षेत्र पर सामना की जाने वाली चुनौतियों के विषय में पढ़ाने हेतु' निम्नलिखित में से कौन-सी प्राथमिक सूचना उपलब्ध करवाई जा सकती है ?

(1) समाचार-पत्र लेख (2) व्यक्तिगत साक्षात्कार
(3) पाठ्यपुस्तक (4) जीवनी

# PART IV

## LANGUAGE I

## ENGLISH

| **IMPORTANT :** | Candidates should attempt questions from **Part IV (Q. No. 91 to 120)**, only if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE I**. |
|---|---|

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**91.** Skinner opined that children would repeat sounds if they were followed by a pleasurable response. This viewpoint has its foundation in :

(1) the nativist theory.
(2) operant conditioning.
(3) the language acquisition device.
(4) observational learning.

**92.** If children hear two languages spoken around them, this exposure to two languages will :

(1) not make any difference.
(2) put children at a disadvantage.
(3) confuse them.
(4) put children at an advantage.

**93.** You want to identify the deficiencies and difficulties of the learners in your class. Which of the following evaluations would you use for the purpose ?

(1) Diagnostic evaluation
(2) Summative evaluation
(3) Follow-up evaluation
(4) Criterion-referenced evaluation

**94.** Based on your observation to develop a particular skill, you decide to use the Direct method in your class. For which skill will you use this method ?

(1) Speaking skills (2) Listening skills (3) Writing skills (4) Reading skills

**95.** Language classroom often focuses on group and pair work. This also helps in developing an important value associated with an inclusive classroom, which is :

(1) Collaboration (2) Envy (3) Competition (4) Sympathy

**96.** One day you bring some objects to the class and ask the children to name them. You write their responses on the blackboard and tell them that all these names are used for some objects which are called 'nouns' and then give its definition. The method you are using is called :

(1) Inductive method (2) Deductive method (3) Incidental method (4) Direct Method

**97.** Your friend is asked to teach functional grammar. She comes to you for help. You tell her that functional grammar means teaching grammar in/through :

(1) explanation of literary content.
(2) rules supported with examples.
(3) rules in isolation.
(4) context.

**98.** Input is defined as the ______________ a learner hears and responds to for its meaning.

(1) Language (2) Rules (3) Communication (4) Conversation

**99.** To learn about the system of rules that govern how words can be meaningfully arranged to form phrases and sentences, you need to study :

(1) Morphology (2) Syntax (3) Phonetics (4) Semantics

**100.** When monolingual speakers move from formal to informal modes of speech in the same spoken or gestured idea, it is called :

(1) Code-switching (2) Dialect (3) Code-mixing (4) Slang

**101.** Which among the following theorists hypothesized that children have a built-in readiness to learn language ?

(1) Skinner (2) Chomsky (3) Freud (4) Jim Cummins

**102.** A 'Recall-Type' test is a test of :

(1) Thinking ability
(2) Memory
(3) Understanding
(4) Imagination

**103.** Children are motivated by activities that are :

(1) planned by an adult. (2) meaningful to teachers.
(3) planned by children. (4) meaningful to them.

**104.** Some words can have more than one meaning. The meaning of words in a particular language relates to which of the following ?

(1) Semantics
(2) Phonology
(3) Syntax
(4) Morphology

**105.** The purpose of remedial teaching is to :

(1) teach again, the language items not properly learnt. (2) teach again, the language items already learnt.
(3) introduce new language items. (4) test recently taught items.

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos.* ***106*** *to* ***114****) that follow by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

Aimee had a painful childhood. She was born in 1975 with no shin bones. The doctors therfore had to amputate both her legs so that she would be able to walk later in life. Unfortunately, she had to undergo a number of surgeries at the age of two, five and eight, and had to spend a long time in a hospital. Aimee grew up with artificial legs. Her mother, however, treated her as a self-sufficient person who did not require any special treatment. She was gradually able to learn how to move and run, and even play various sports like softball and go swimming, hiking and skiing.

When she was in high school, Aimee discovered her passion for athletics. Towards the end of high school, she participated in the Boston track and field meet for the disabled. On arriving in Boston, she was surprised to discover that she was the only athlete wearing wooden legs. The rest of the athletes had metal, shock-absorbent legs that she didn't even know existed. Not to mention that all the other athletes had at least one normal leg. This fact did not shake her determination; instead it made her push herself harder to succeed. And succeed she did — she not only won, she also broke a national record in doing so. She decided to enter the long jump competition next, an event that double amputees were technically 'not supposed' to enter. A year later, she broke the world record in it.

Aimee was not happy with the way prosthetic legs were designed. So she invited innovators to combine science and art, and design unconventional prosthetic legs. She was soon wearing cheetah legs, handcrafted wooden legs, jellyfish legs and many more. She now began getting invitations from different parts of the world to talk about her life story and designer legs. The fashion and beauty industry took note of Aimee's talent and beauty and asked her to model for, or endorse beauty products. Today she is a global model for a leading brand of cosmetics.

**106.** The doctors amputated Aimee's legs because _____________.

(1) they had no bones
(2) they were not of the same length
(3) they were not strong
(4) they were disfigured

**107.** When Aimee began to use designer legs, she caught the attention of ____________.

(1) designers
(2) the fashion and beauty industry
(3) photographers
(4) sports committees

**108.** Aimee had a painful childhood because :

A. both her legs did not have bones.
B. she underwent a lot of surgeries.

(1) Only A is correct
(2) Only B is correct
(3) Both A and B are correct
(4) Both A and B are incorrect

**109.** Which of the following statements is true ?

(1) Soon Aimee started promoting health products.
(2) At the Boston meet, Aimee was the only one on wooden legs.
(3) Aimee's mother gave her special care when she was a young child.
(4) The Boston meet was for double amputees only.

**110.** At the Boston sports meet, Aimee discovered that all the other athletes had only one artificial leg. That did not discourage her. Instead, she began to do something. What was it ?

(1) She decided to enter the fashion industry.
(2) She decided to have designer legs.
(3) She decided to enter long jump competition next.
(4) She decided to participate in athletics.

**111.** Which one of the following words is most similar in meaning to the word, 'self-sufficient' ?

(1) Needy
(2) Helpless
(3) Dependent
(4) Independent

**112.** Which one of the following words is most opposite to the word, 'unconventional' ?

(1) Innovative
(2) Eccentric
(3) Traditional
(4) Unusual

**113.** Identify the clause in the underlined part of the following sentence.

A year later, <u>she broke the world record in it</u>.

(1) Adverb clause
(2) Principal clause
(3) Noun clause
(4) Adjective clause

**114.** Which part of speech does the underlined word in the following sentence belong to ?

Her mother, <u>however</u>, treated her as a self-sufficient person.

(1) Interjection
(2) Adjective
(3) Conjunction
(4) Adverb

***Directions :** Read the poem given below and answer the questions that follow (Q. Nos. **115** to **120**) by selecting the **correct/most appropriate** option.*

A silly young cricket, accustomed to sing
Through the warm, sunny months of gay summer and spring,
Began to complain when he found that, at home,
His cupboard was empty, and winter was come.
Not a crumb to be found
On the snow-covered ground;
Not a flower could he see,
Not a leaf on a tree.
"Oh ! what will become," says the cricket, "of me ?"
At last by starvation and famine made bold,
All dripping with wet, and all trembling with cold.
Away he set off to a miserly ant,
To see if, to keep him alive, he would grant
Him shelter from rain,
And a mouthful of grain.
He wished only to borrow;
He'd repay it tomorrow;
If not, he must die of starvation and sorrow.

**115.** What did the cricket do in summer ?

(1) Slept and relaxed
(2) Slogged like an ant
(3) Sat and played
(4) Sang

**116.** Study the following statements :

A. During winter, it was difficult to dance in the snow-covered ground.
B. However, the cricket could have enjoyed skating.

(1) A is right and B is wrong.
(2) B is right and A is wrong.
(3) Both A and B are right.
(4) Both A and B are wrong.

**117.** What made the cricket go to the ant ?

(1) Starvation and famine
(2) Empty cupboard
(3) Approaching winter
(4) Piles of grains at ant's place

**118.** Which genre does the poem belong to ?

(1) Epic
(2) Sonnet
(3) Fable
(4) Lyric

**119.** What is the theme of the poem ?

(1) We should always keep slogging like the ant.
(2) If we don't care for our future, we will eventually suffer.
(3) We should always pursue our hobbies.
(4) We should keep partying and dancing.

**120.** '... sunny months of gay summer and spring.'

Identify the figure of speech used in the above line

(1) Simile
(2) Alliteration
(3) Personification
(4) Metaphor

## भाग IV

## भाषा I

## हिंदी

| महत्त्वपूर्ण : | परीक्षार्थी **भाग IV (प्र.सं. 91 से 120)**, के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा I** का विकल्प हिन्दी चुना हो। |
|---|---|

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उचित*** *विकल्प चुनिए।*

**91.** स्किनर की यह राय थी कि बच्चे उन ध्वनियों को दोहराते हैं जिनमें उन्हें आनन्ददायी प्रतिक्रिया मिले। इस दृष्टिकोण का आधार क्या है ?

(1) सहज ज्ञानवाद सिद्धान्त
(2) सक्रिय अनुकूलन
(3) भाषा अर्जन उपकरण
(4) अवलोकनात्मक अधिगम

**92.** यदि बच्चे अपने आस-पास बोली जाने वाली दो भाषाएँ सुनते हैं, तो दो भाषाओं के इस संपर्क से :

(1) बच्चों को किसी भी प्रकार का फ़र्क नहीं पड़ेगा।
(2) बच्चों को हानि पहुँचेगी।
(3) बच्चे भ्रमित होंगे।
(4) बच्चों को लाभ होगा।

**93.** आप अपनी कक्षा में शिक्षार्थियों की कमियों और कठिनाइयों की पहचान करना चाहते हैं। आप इस उद्देश्य के लिए निम्नलिखित में से किस प्रकार के मूल्यांकन का प्रयोग करना चाहेंगे ?

(1) निदानात्मक मूल्यांकन
(2) योगात्मक मूल्यांकन
(3) अनुवर्ती (फॉलो-अप) मूल्यांकन
(4) मानदंड-संदर्भित मूल्यांकन

**94.** किसी विशेष कौशल के विकास संबंधी अपने अवलोकन के आधार पर आपने निर्णय लिया कि आप अपनी कक्षा में प्रत्यक्ष (डायरेक्ट) विधि का प्रयोग करेंगे। इस विधि के लिए आप किस कौशल का प्रयोग करेंगे ?

(1) बोलने का कौशल (वाचन कौशल)
(2) श्रवण कौशल
(3) लेखन कौशल
(4) पठन कौशल

**95.** भाषा की कक्षा में प्रायः समूह और जोड़ों में कार्य करवाया जाता है। इससे समावेशी कक्षा से जुड़े महत्त्वपूर्ण मूल्यों का विकास करने में भी मदद मिलती है। ये कौन-सा मूल्य है ?

(1) सहयोग
(2) ईर्ष्या
(3) प्रतियोगिता
(4) सहानुभूति

**96.** एक दिन आप कक्षा में बहुत सी वस्तुएँ लेकर आयीं और बच्चों से कहा कि उनके नाम बताओ। आपने बच्चों के उत्तरों को श्यामपट्ट पर लिखा और उन्हें बताया कि ये सभी नाम भिन्न-भिन्न वस्तुओं के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं, इन्हें 'संज्ञा' कहा जाता है। इसके बाद आपने संज्ञा की परिभाषा बताई। आपके द्वारा प्रयोग में लाई जा रही इस विधि को क्या कहा जाता है ?

(1) आगमनात्मक विधि
(2) निगमनात्मक विधि
(3) आनुषंगिक (इन्सिडेंटल) विधि
(4) प्रत्यक्ष विधि

**97.** आपकी मित्र को व्यावहारिक व्याकरण पढ़ाने के लिए कहा गया। वह आपके पास मदद के लिए आती है। आप उसे बताएँ कि व्यावहारिक व्याकरण का तात्पर्य है कि व्याकरण शिक्षण ____________।

(1) साहित्यिक विषय-वस्तु की व्याख्या के माध्यम से हो
(2) में नियम उदाहरणों के साथ बताए जाएँ
(3) में नियम पृथक से बताए जाएँ
(4) संदर्भ में किया जाए

**98.** एक शिक्षार्थी द्वारा सुने जा रहे और उसके अर्थ के प्रति प्रतिक्रिया देने से जुड़े निवेश (इनपुट) को ______________ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

(1) भाषा
(2) नियम
(3) सम्प्रेषण
(4) संवाद

**99.** शब्दों को वाक्यांशों और वाक्यों की रचना करने के लिए सार्थक रूप से किस तरह से व्यवस्थित किया जा सकता है, इससे संबंधित नियमों का अध्ययन करने के लिए हमें क्या पढ़ना चाहिए ?

(1) आकृति विज्ञान (2) वाक्य-विन्यास (3) स्वरविज्ञान (4) अर्थ तत्त्व

**100.** जब एकभाषी वक्ता बोले जा रहे या अभिव्यक्त किए जा रहे विचार बिन्दु को औपचारिक से अनौपचारिक स्थिति में सम्प्रेषित करने लगते हैं, तो यह स्थिति क्या कहलाती है ?

(1) कोड-अन्तरण (2) बोली

(3) कोड-मिश्रण (4) अपभाषा (स्लैंग)

**101.** निम्नलिखित में से किस सिद्धांतकार ने यह परिकल्पित किया कि बच्चों में भाषा सीखने की अन्तर्निहित तत्परता होती है ?

(1) स्किनर (2) चॉम्स्की (3) फ्रॉयड (4) जिम क्यूमिन्स

**102.** 'प्रत्यास्मरण' प्रकार का परीक्षण किसका आकलन करता है ?

(1) चिन्तन योग्यता का (2) स्मृति का (3) समझ का (4) कल्पनाशीलता का

**103.** बच्चे किस प्रकार की गतिविधियों से प्रोत्साहित होते हैं ?

(1) जिनकी योजना वयस्क द्वारा बनाई जाती है। (2) जो अध्यापकों के लिए सार्थक होती हैं।

(3) जिनकी योजना बच्चों द्वारा बनाई जाती है। (4) जो उनके लिए सार्थक होती हैं।

**104.** कुछ शब्दों के एक से अधिक अर्थ हो सकते हैं। किसी भाषा विशेष में शब्दों के अर्थ निम्नलिखित में से किससे संबंधित होते हैं ?

(1) अर्थ तत्त्व (2) ध्वनि विज्ञान (3) वाक्य-विन्यास (4) आकृति विज्ञान

**105.** उपचारात्मक शिक्षण का क्या उद्देश्य है ?

(1) अच्छी तरह से न सीखी गई भाषा विषय-वस्तु को पुनः पढ़ाना (2) पहले से सीखी गई भाषा की विषय-वस्तु को पुनः पढ़ाना

(3) भाषा की नवीन विषय-वस्तु से परिचित करवाना (4) हाल ही में पढ़ाई गई विषय-वस्तु का परीक्षण करना

***निर्देश :*** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. **106** से **114**) में **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

हम सब सुख और सुविधाओं के आकांक्षी हैं। इसमें कोई विवाद नहीं कि सुखी जीवन जीने के लिए धन जरूरी है। लेकिन कितना धन ? इसकी गिनती कोई नहीं बताता। सुख की अनुभूति किससे होती है, क्या सुख की कोई सीमा रेखा है ? रहने को एक आरामदायक घर। घर में सुविधाओं के आवश्यक उपकरण, शरीर को सर्दी-गर्मी से बचाने के लिए उपयुक्त वस्त्र, स्वास्थ्यकर भोजन, जल, शुद्ध वायु और आवागमन के लिए परिवार अनुसार वाहन। इतना सब के लिए धनार्जन करने को कोई धर्म मनाही नहीं करता।

वर्जना है उस धन की कामना की जो इन आवश्यकताओं के पूरा हो जाने पर भी विलासिता पूर्ति या बैंक की शोभा बढ़ाने के लिए किसी भी तरह कमाया जाता है।

हम भूल गए कि जीवन की यात्रा का असली आनंद तभी है जब संतोष और संयम के साथ जिन इच्छाओं को हम पूरा कर चुके हैं उनका भरपूर आनंद भी लें।

धन तो तटस्थ है। उसका बुरा-भला होना इस पर निर्भर करता है कि हम उसका उपयोग कैसे करते हैं ? आवश्यकताओं को जुटाना तो अनिवार्यता है। लेकिन धन को जीवन का आधार बना लेना अनिश्चय में जीना है। आय बढ़ने से सुविधाओं में वृद्धि होती जाती है। लेकिन जैसे ही आय का संकुचन होता है उन सुविधाओं में कटौती जीवन के लिए संकट उत्पन्न कर देती है।

एक समय आता है कि धन से जुटाई बाहरी वस्तुएँ आनंद सोखने लगती हैं। फिर जीवन-सुख भी सूखने लगता है। आमतौर पर किसी बंधन में बंध कर ठहराव आ जाता है। लेकिन यह आशा-आकांक्षा का बंधन, ऐसा बंधन है जिससे बँधने वाला मनुष्य सारी ज़िंदगी दौड़ता रहता है। जरूरत और आकांक्षाओं में अंतर समझते हुए अगर हम धन के साथ-साथ जीवन के सच्चे और भीतरी अर्थों को नहीं भूले हैं, तो धन के बदले मिलने वाली अच्छी ज़िंदगी भी लेशमात्र बुरी नहीं हो सकती।

**106.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भिन्न है ?

(1) आनंद (2) शरीर

(3) संतोष (4) संयम

**107.** 'बुरा-भला' में ____________ समास है।

(1) अव्ययीभाव (2) द्विगु

(3) द्वंद्व (4) तत्पुरुष

**108.** रिक्त स्थान के लिए सही शब्द चुनिए :

____________ को जीवन का आधार बना लेना अनिश्चय में जीना है।

(1) संयम

(2) संतोष

(3) तटस्थता

(4) धन

**109.** धन का बुरा-भला होना किस पर निर्भर करता है ?

(1) आय (2) उपयोग

(3) आनंद (4) सुविधा

**110.** जीवन में सुख कब सूखने लगता है ?

(1) धन कम होने पर (2) धन से जुटाई वस्तुएँ ज्यादा होने पर

(3) धन से जुटाई वस्तुएँ कम होने पर (4) धन से जुटाई वस्तुओं के आनंद सोखने पर

**111.** किस प्रकार के धन की कामना वर्जित है ?

(1) मेहनत करके कमाए जाने वाले धन की।

(2) दूसरों की भलाई में काम आने वाले धन की।

(3) बैंक की शोभा बढ़ाने वाले धन की।

(4) संतोष देने वाले धन की।

**112.** हमें सुख किससे मिलेगा ?

(1) आकांक्षा (2) उत्साह

(3) संतोष (4) आशा

**113.** कौन-सा बंधन आजीवन दौड़ाता है ?

(1) धन का (2) आकांक्षा का

(3) उत्साह का (4) आशा का

**114.** किसके लिए धन वर्जित है ?

(1) उपयुक्त वाहन

(2) आरामदायक घर

(3) स्वास्थ्यकर भोजन

(4) विलासिता पूर्ति

***निर्देश :*** *निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं.* ***115*** *से* ***120****) में* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

कलम, आज उनकी जय बोल,
जला अस्थियाँ बारी-बारी
छिटकाई जिनने चिंगारी,
जो चढ़ गए पुण्य-वेदी पर लिए बिना गर्दन का मोल
कलम, आज उनकी जय बोल।
जो अगणित लघु दीप हमारे
तूफ़ानों में एक किनारे,
जल-जलकर बुझ गए, किसी दिन माँगा नहीं स्नेह मुख खोल
कलम, आज उनकी जय बोल।
पी कर जिनकी लाल शिखाएँ
उगल रहीं लू-लपट दिशाएँ,
जिनके सिंहनाद से सहमी धरती रही अभी तक डोल
कलम, आज उनकी जय बोल।

**115.** स्त्रीलिंग संज्ञा ***नहीं*** है :

(1) अस्थि
(2) दीप
(3) शिखा
(4) दिशा

**116.** किसकी जय न बोली जाए ?

(1) लाल शिखा वालों की
(2) पुण्य-वेदी पर न चढ़ने वालों की
(3) अगणित लघु दीपों की
(4) अस्थियाँ जलाने वालों की

**117.** 'कलम, आज उनकी जय बोल' पंक्ति का आशय है :

(1) उनकी जय बोलकर इधर-उधर घूम
(2) उनकी जय के नारे लगा
(3) आज केवल उनकी ही जय बोल
(4) उनके गुणगान की कविता लिख

**118.** इन पंक्तियों में किसका वर्णन है ?

(1) अमीरों का
(2) शहीदों का
(3) अग्निवीरों का
(4) शेरों का

**119.** 'पुण्यवेदी' में ____________ समास है।

(1) तत्पुरुष
(2) द्विगु
(3) अव्ययीभाव
(4) द्वंद्व

**120.** उन्होंने मुँह खोलकर क्या ***नहीं*** माँगा ?

(1) कलम
(2) स्नेह
(3) शिखा
(4) चिंगारी

## PART V
## LANGUAGE II
## ENGLISH

| | |
|---|---|
| **IMPORTANT :** | Candidates should attempt questions from **Part V (Q. No. 121 to 150)**, only if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE II**. |

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos.* ***121*** *to* ***127****) that follow by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

1 Digital transformation as "the most remarkable change of our era" found its echo in many parts of the G20 Bali Leaders' Declaration. From economy to sustainability, all were looped in the strings of digital innovation.

2 "The proper use of digital technologies can become a force multiplier in the decades-long global fight against poverty. Digital solutions can also be helpful in the fight against climate change — as we all saw in the examples of remote-working and paperless green offices during COVID." Citing India's experience of the past few years, our Prime Minister said, "If we make digital architecture inclusive, it can bring about socio-economic transformation. Digital use can bring scale and speed. These solutions are based on open source, open APIs, open standards, which are interoperable and public. This is our approach based on the digital revolution that is going on in India today."

3 The G20 Bali Leaders' Declaration noted, "The COVID-19 pandemic has accelerated the transformation of the digital ecosystem and digital economy. We acknowledge that affordable and high-quality digital connectivity is essential for digital inclusion and digital transformation, while a resilient, safe and secure online environment is necessary to enhance confidence and trust in the digital economy. We recognise the importance of policies to create an enabling, inclusive, open, fair and non-discriminatory digital economy that fosters the application of new technologies, allows businesses and entrepreneurs to thrive, and protects and empowers consumers, while addressing the challenges related to digital divides, privacy, data protection, intellectual property rights, and online safety."

4 The G20 Indonesia Digital Economy Working Group (DEWG), thus, established the G20 Digital Innovation Network (DIN) to enhance engagement among global innovation builders and drivers such as start-ups, venture capitalists and corporations. The main idea was to establish the G20 DIN as a launching pad for the Digital Economy, labelling it as post-pandemic recovery and beyond.

**121.** Study the following statements carefully marked as Assertion (A) and Reason (R). Choose the correct option from the alternatives given below.

**Assertion (A) :** We need to design clear policies to create an enabling, inclusive, and non-discriminatory digital economy.

**Reason (R) :** The pandemic has promoted the usage of digital ecosystem and digital economy.

(1) (A) is false, but (R) is true.
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).
(3) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(4) (A) is true, but (R) is false.

**122.** Digital technologies can help in solving the major challenges of :

A. Poverty
B. Climate change
C. Price surge
D. Paperless green offices

Choose the most appropriate combination of alternatives, as highlighted in the passage

(1) A, B, D (2) B, C, D
(3) A, C, D (4) A, B, C

**123.** Study the following statements :

A. Success of digital technology depends on high quality digital connectivity.

B. Online environment needs to be safe and secure.

(1) A is right and B is wrong.
(2) B is right and A is wrong.
(3) Both A and B are right.
(4) Both A and B are wrong.

**124.** Which of the following words mean the same as 'fosters' (para 3) ?

(1) serves
(2) squelches
(3) encourages
(4) stifles

**125.** Read the following statements carefully and choose the most appropriate alternative :

A. G20 enhances engagement among Global Innovation builders as start-ups

B. G20 is a launching pad for digital economy.

(1) B is correct and A is wrong.
(2) Both A and B are correct.
(3) Both A and B are wrong.
(4) A is correct and B is wrong.

**126.** Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?

"From economy to sustainability, all were looped in the strings <u>of</u> digital innovation."

(1) Adjective
(2) Conjunction
(3) Verb
(4) Preposition

**127.** Which of the following is the appropriate word from para 2 which means the same as 'metamorphosis' ?

(1) transformation
(2) inclusion
(3) importance
(4) application

***Directions :*** *Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos.* ***128*** *to* ***135****) that follow by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

The Japanese economy is being driven by small and medium-sized enterprises offering new ways of doing things.

Working hard to deliver quality products and services is hard-wired into every good Japanese business. But those principles are especially important to the nation's booming small and medium-sized enterprises (SMEs) and niche companies. An incredible 3·58 million SMEs make up 99·7% of all Japanese businesses, and they play a massive role — by doing all the little things right. Utilizing an agile corporate structure, many such firms are thriving, whether supplying business contracts or selling direct to customers.

With Asia-Pacific neighbours leading the way in mass production and lower-cost models, Japanese firms have been taking a more focused and customer-centric approach. "A large number of manufacturers have shifted towards niche fields. Although Japanese products cannot remain competitive regarding cost and volume, they excel where high quality is needed," said Yoshio Komuro, CEO and President of precision metal rollers firm, Rikazai Co. Ltd.

Mamoru Iwata, President of manufacturing prototype specialists, Sanken Kogyo Co. Ltd. said that adaptability is a crucial factor in his firm's success. "As we do not work with mass production, client needs change from time to time and as such, our focus of production changes often," Iwata said. "Ensuring that clients are happy and satisfied is our number one priority."

**128.** The passage talks about :

(1) Asia-Pacific business models.
(2) best business model.
(3) innovative Japanese enterprises.
(4) elements required for flourishing business.

**129.** What are the bases of Japanese businesses ?

(1) Demand and supply
(2) Good service and quality products
(3) Mass production and low cost
(4) Cost control but quality compromise

**130.** Japanese firms believe in the principle of :

(1) doing all little things right.
(2) doing new things.
(3) doing only few important things right.
(4) doing most of all little things right.

**131.** Japanese products are ***not*** in competition with other countries in terms of :

(1) high profit margins.
(2) cost and volume.
(3) mass production, low-cost models.
(4) customer-centric approach.

**132.** Choose the word which most nearly means the same as the underlined one in the following expression

'... nation's booming small and medium ...'

(1) loud (2) supplanting (3) noisy (4) growing

**133.** Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?

'... many such firms are thriving, whether supplying business contracts or selling direct to customers.'

(1) Noun (2) Adverb (3) Gerund (4) Verb

**134.** Read the following statements and choose the correct option :

A. Firms are utilizing an agile corporate structure.

B. A large number of manufacturers have shifted to niche fields.

(1) A is true, but B is false.

(2) A is correct but not related to B.

(3) Both A and B are false.

(4) Both A and B are true but not connected to each other.

**135.** According to the passage, what is ***not*** a crucial factor in a firm's success ? Select the most appropriate combination.

A. Adaptability

B. Mass production

C. Change in focus of production

D. Client satisfaction

E. New offerings

(1) A, C, D

(2) A, D, E

(3) C, D, E

(4) A, B, E

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *option.*

**136.** You go through the students' notebooks and give remarks. This is an example of :

(1) Feedback (2) Evaluation

(3) Daily remarks (4) Notebook checking

**137.** Good speakers have the ability of :

(1) Quick analysis (2) Paraphrasing

(3) Translating (4) Understanding

**138.** Phonemic awareness refers to :

(1) writing with correct spellings.

(2) reading words accurately and fluently.

(3) the ability to identify and manipulate phonemes in spoken words.

(4) the ability to establish relation between phonemes and graphemes.

**139.** Which of the following are ***not*** related to emergent literacy ?

(1) Basic alphabet knowledge (2) Early phonological awareness

(3) Taking note (4) Understanding that print carries meaning

**140.** As a teacher, you prefer to use audio-visual aids and physical activities in your teaching. You do this because you find that they :

(1) utilize maximum number of senses to enhance learning.

(2) divert the attention of the learners.

(3) facilitate effective assessment.

(4) provide relief to you in the classroom.

**141.** A language teacher wants to conduct a problem-solving method effectively in her class. She should :

(1) look at the students' activities from a distance. (2) ask the students to consult their parents.

(3) encourage divergent thinking. (4) participate actively in the process.

**142.** The most important element in Communicative Language Teaching is :

(1) the structure of language.
(2) memorizing the rules of grammar.
(3) the skill of writing.
(4) meaning.

**143.** A listener listens to the main idea, predicting, drawing inferences and summarizing. What are these strategies known as ?

(1) Bottom-up processes (2) Cognitive processes (3) Analytical processes (4) Top-down processes

**144.** You are in the process of selecting the most suitable teaching aid. Which one of the following is ***not*** relevant in respect of selection of correct teaching aids ?

(1) It should be simple and easy to use.
(2) It need not have specific educational values.
(3) It should be child-centered.
(4) It should be in sync with the topic being taught in the class.

**145.** Which speaker would be most likely to engage in code-mixing ?

(1) Meera, a bilingual adult
(2) Satyaveer, a monolingual adult
(3) Arpita, a monolingual child
(4) Garv, a bilingual child

**146.** You observe that Mandakini, a student of class IV, often makes mistakes while using tenses. You can help Mandakini overcome this problem by :

(1) asking Mandakini to write tenses 10 times in her notebook.
(2) explaining or writing rules of grammar.
(3) asking her to memorize rules of tenses thoroughly.
(4) giving her real life situations or examples where she can use tenses.

**147.** You love to have classroom discourse because it :

(1) does not give importance to learner's contributions.
(2) brings clarity and distinctiveness in the speech.
(3) gives you power as a teacher.
(4) hardly prompts the learners to think.

**148.** Which among the following highlights the significant difference in Vygotsky's and Piaget's theory ?

(1) Understanding that learning is a simple/complex process
(2) Understanding children as active/passive learners
(3) The relationship between language and thought
(4) The constructive/objective role of children in the process of meaning-making

**149.** Rakesh, a student in your class, often makes errors in tense forms. To help him overcome this problem, you can :

(1) ask Rakesh to write the rules ten times in his notebook.
(2) explain to him the rules of grammar.
(3) take up many examples for the entire class and pay special attention to Rakesh.
(4) scold Rakesh to make him learn the rules.

**150.** Children who are differently abled join a new school. Teachers give different reactions. Which one reflects the concept of inclusive education ?

(1) "Oh ! How will such children mix with other children of the class ?"
(2) "Oh ! How can I teach children who cannot even hear ?"
(3) "Oh ! There should be a separate section for such children."
(4) "Wow ! It will provide a good opportunity for the children to learn to help each other and be supportive."

**भाग V**

**भाषा II**

**हिंदी**

| | |
|---|---|
| **महत्त्वपूर्ण :** | परीक्षार्थी **भाग IV (प्र.सं. 121 से 150)**, के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा II** का विकल्प हिन्दी चुना हो। |

***निर्देश :*** *निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 127) में **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

अनियंत्रित कामना, अक्षमता और अज्ञानता की उत्पत्ति है क्रोध। क्षमा के स्वभाव को आवृत करने वाले क्रोध को पहले जीतना आवश्यक है। अक्रोध से क्रोध को जीता जाता है, क्योंकि क्रोध का अभाव ही क्षमा है।

जिसके पास अपना आत्मबल नहीं होता वह दूसरों को क्षमा नहीं कर सकता। समर्थ ही क्षमा करना जानता है। जो दुर्बल है वह कभी क्षमा नहीं कर सकता। इसलिए क्रोध को धैर्य और विवेक से क्षमा के स्वधर्म को प्राप्त करना चाहिए। बड़ा व्यक्ति या बड़े हृदय वाला कौन कहलाता है ? वह जो सहन करना जानता है, जो क्षमा करना जानता है। क्षमा और इन्द्रिय संयम आनंद साम्राज्य की कुंजी है। क्षमा आत्मा का आभूषण, आत्मा का नैसर्गिक गुण है। यह आत्मा का स्वभाव है। क्षमाशीलता साधना सिद्धि का राजपथ है। जिसने क्षमादान का अभ्यास नहीं किया, उसके लिए धर्म का दरवाजा कभी नहीं खुलता। क्षमा व्यक्ति के व्यक्तित्व का सबसे महत्त्वपूर्ण घटक है। क्षमाशीलता इंसान की इंसानियत को गरिमा और ऊँचाई प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। इसके अभाव में मनुष्य असुर बन जाता है।

वास्तव में, क्षमाशीलता मनुष्य के आध्यात्मिक शुद्धिकरण की एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे उसके व्यक्तित्व का निखार होने के साथ उसकी आत्मा का भी उत्थान होता है। क्षमा, श्रेष्ठ और कुलीन आत्माओं का आभूषण है। जो व्यक्ति जीवन की प्रतिकूल पगडंडियों पर क्षमाशीलता को अपनाते हुए शांत चित्त होकर आगे बढ़ता है, वही अपने गंतव्य पर सफलतापूर्वक पहुँचता है।

**121.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भिन्न है ?

(1) क्षमा (2) दुर्बल (3) क्रोध (4) धैर्य

**122.** 'ऊँचाई प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है।' इस वाक्य में 'सशक्त' एक ______________ विशेषण है।

(1) परिमाणवाचक (2) गुणवाचक (3) संख्यावाचक (4) सार्वनामिक

**123.** क्षमा क्या ***नहीं*** है ?

(1) आत्मा का स्वभाव (2) आत्म साधना
(3) आत्मा का आभूषण (4) आत्मा का नैसर्गिक गुण

**124.** गंतव्य पर कौन पहुँचता है ?

(1) शांत चित्त और धैर्यवान व्यक्ति (2) क्षमाशील और शांत चित्त व्यक्ति
(3) श्रेष्ठ और कुलीन व्यक्ति (4) समर्थ और धैर्यवान व्यक्ति

**125.** धर्म का दरवाजा किसके लिए खुलता है ?

(1) क्षमा न माँगने वाले व्यक्ति के लिए (2) क्षमादान न करने वाले के लिए
(3) क्षमादान का अभ्यास करने वाले के लिए (4) क्षमा माँगने वाले के लिए

**126.** व्यक्तित्व का महत्त्वपूर्ण घटक क्या है ?

(1) क्रोध (2) इंद्रिय संयम (3) क्षमा (4) गरिमा

**127.** क्षमा करना कौन जानता है ?

(1) सक्षम व्यक्ति (2) समर्थवान व्यक्ति
(3) क्रोधहीन व्यक्ति (4) आत्मबलहीन व्यक्ति

***निर्देश :** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 128 से 135) में **सही/सबसे उपयुक्त** उत्तर वाले विकल्प को चुनिए।*

क्षमा सभी धर्मों का आधार है। क्षमा नफ़रत का निदान है। क्षमादान देना और क्षमा याचना करना दोनों महानता की निशानी हैं। क्षमा देने वाले की भाँति क्षमा माँगने वाला भी उतना ही श्रेष्ठ है। अपनी ग़लती पर क्षमा माँगने से उसके हृदय में विनयशीलता का जो भाव उपजता है, इससे उसका कद पहले की अपेक्षा और अधिक बढ़ जाता है। नीति में क्षमा का स्थान बहुत ऊँचा है। क्षमा भाव नीति का ही अंग है। यह अहंकार के त्याग का सूचक है। क्षमा के धरातल पर दो व्यक्तित्व उभरते हैं एक आप और एक सामने वाला। अहम के वशीभूत होकर जब हम अपनी ग़लती नहीं स्वीकारते तो क्षमा के विषय में संकोच करते हैं।

यह भी संभव है कि समय-समय पर ग्लानि की अनुभूति हृदय में हो, पर इसको उजागर होने से रोक देता है। इस पीड़ा की प्रतीति हर मनुष्य को होती है। इसी प्रकार सामने वाला भी सोचता होगा कि हम क्षमा माँगें और वह क्षमा कर देगा। यह द्वंद्व निरंतर चलता है और इसका निराकरण क्षमा से जाता है। क्षमा में लेशमात्र भी कायरता नहीं है। सहिष्णुता, समता, सहनशीलता, मैत्रीभाव और उदारता जैसे सामर्थ्य युक्त गुण, पुरुषार्थहीन या अधैर्यवान लोगों में उत्पन्न नहीं हो सकते। निश्चित ही इन गुणों को पाने में अक्षम लोग ही क्षमा को कायरता बताने का प्रयास करते हैं। यह अधीरों का एवं कठिन पुरुषार्थ से बचने का उपक्रम होता है। क्षमा व्यक्तित्व में तेजस्विता उत्पन्न करती है।

**128.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द भिन्न है ?

(1) सहनशीलता (2) महानता
(3) सँभालता (4) सहिष्णुता

**129.** अक्षम लोग में 'लोग' ___________ संज्ञा है।

(1) समूहवाचक (2) गणनीय
(3) निर्जीव (4) व्यक्तिवाचक

**130.** सामर्थ्ययुक्त, पुरुषार्थहीन और अधैर्यवान _____________ शब्द हैं।

(1) संज्ञा (2) क्रिया-विशेषण
(3) सर्वनाम (4) विशेषण

**131.** क्षमा माँगने से व्यक्ति का कद _____________।

(1) बदल जाता है (2) पहले से बढ़ जाता है
(3) समान रहता है (4) पहले से घट जाता है

**132.** वाक्य पूरा कीजिए :

अहमवश अपनी ग़लती न मानकर ____________।

(1) क्षमा माँग लेते हैं (2) क्षमा नहीं माँगते
(3) क्षमा माँगने में संकोच करते हैं (4) क्षमा दान कर देते हैं

**133.** _____________ लोग क्षमा को कायरता कहते हैं।

(1) पुरुषार्थहीन (2) सहिष्णु (3) क्षमाशील (4) उदार

**134.** क्षमा करने से व्यक्तित्व में क्या प्रकट ***नहीं*** होता ?

(1) कायरता (2) सरलता (3) आनंद (4) तेजस्विता

**135.** समय-समय पर ग्लानि की अनुभूति कब होती है ?

(1) जब हम ग़लती स्वीकार लेते हैं। (2) जब हम क्षमा दे देते हैं।
(3) जब हम क्षमा माँग लेते हैं। (4) जब हम क्षमा माँगने में संकोच करते हैं।

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**136.** आपने अपने विद्यार्थी की उत्तर-पुस्तिका को पढ़ा और उसमें अपनी टिप्पणियाँ लिखीं। यह किसका उदाहरण है ?

(1) पृष्ठपोषण (फीडबैक) (2) मूल्यांकन (3) दैनिक टिप्पणियाँ (4) उत्तर-पुस्तिका की जाँच

**137.** अच्छे वक्ताओं के पास किस तरह की योग्यता होती है ?

(1) तुरंत विश्लेषण करने की (2) भावानुवाद/व्याख्या करने की

(3) अनुवाद करने की (4) बोध की

**138.** ध्वनिग्रामिक जागरूकता किससे संबंधित है ?

(1) सही वर्तनी के साथ लिखना

(2) शब्दों को सही तरीके से और प्रवाह के साथ पढ़ना

(3) बोले जा रहे शब्दों में ध्वनिग्राम की पहचान करने और उनमें हेर-फेर करने की क्षमता

(4) ध्वनिग्राम और ग्राफीम के बीच संबंध स्थापित करने की योग्यता

**139.** निम्नलिखित में से कौन-सा उद्गामी साक्षरता से संबंधित ***नहीं*** है ?

(1) आधारभूत वर्णमाला ज्ञान (2) आरंभिक ध्वन्यात्मक जागरूकता

(3) नोट (टिप्पणी) लेना (4) मुद्रित/लिखित सामग्री के प्रति समझ बनाना

**140.** एक शिक्षक होने के नाते, आप अपनी कक्षा में शिक्षण करते समय श्रव्य-दृश्य सामग्री और शारीरिक गतिविधियों का प्रयोग करना पसंद करते हैं। आप ऐसा इसलिए करते हैं क्योंकि इससे :

(1) अधिगम संवर्द्धन हेतु इन्द्रियों का अधिकतम संख्या में उपयोग होता है।

(2) शिक्षार्थियों का ध्यान दूसरी तरफ लग जाता है।

(3) आकलन प्रभावशाली रूप से हो पाता है।

(4) आपको कक्षा में आराम के मौके मिल जाते हैं।

**141.** एक भाषा अध्यापिका अपनी कक्षा में समस्या-समाधान विधि को प्रभावशाली तरीके से संचालित करना चाहती है। उसे क्या करना चाहिए ?

(1) विद्यार्थियों की गतिविधियों का दूर से ही अवलोकन करना चाहिए

(2) विद्यार्थियों को अपने अभिभावकों से परामर्श लेने के लिए कहना चाहिए

(3) अपसारी चिंतन (डाइवरजेंट) को प्रोत्साहित करना चाहिए

(4) प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए

**142.** सम्प्रेषणात्मक भाषा शिक्षण में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तथ्य :

(1) भाषा की संरचना (2) व्याकरण के नियमों को कंठस्थ करना

(3) लेखन कौशल (4) अर्थ

**143.** एक श्रोता एक श्रव्य सामग्री सुनते समय मुख्य विचार सुनता है, अनुमान लगाता है, निष्कर्ष निकालता है और सारांशीकरण करता है। इन युक्तियों को क्या कहा जाएगा ?

(1) अधो-शीर्षगामी (बॉटम-अप) प्रक्रियाएँ

(2) संज्ञानात्मक प्रक्रियाएँ

(3) विश्लेषणात्मक प्रक्रियाएँ

(4) शीर्ष-अधोगामी (टॉप-डाउन) प्रक्रियाएँ

**144.** आप सर्वाधिक रूप से उपयुक्त शिक्षण सामग्री का चयन करना चाह रहे हैं ? सही शिक्षण सामग्री के चयन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा बिन्दु प्रासंगिक ***नहीं*** है ?

(1) यह प्रयोग के संदर्भ में सरल और सादा होना चाहिए।
(2) यह जरूरी नहीं कि इसकी विशिष्ट शैक्षिक महत्ता हो।
(3) यह बाल-केन्द्रित होना चाहिए।
(4) यह कक्षा में पढ़ाए जा रहे विषय के समरूप होना चाहिए।

**145.** किस वक्ता में कोड-मिश्रण में संलग्न होने की सबसे अधिक संभावना होगी ?

(1) द्विभाषी वयस्क – मीरा
(2) एकलभाषी वयस्क – सत्यवीर
(3) एकलभाषी बालिका – अर्पिता
(4) द्विभाषी बालक – गर्व

**146.** आपकी जानकारी में यह बात आई कि कक्षा IV की विद्यार्थी मंदाकिनी काल के संबंध में अकसर ग़लतियाँ करती है। आप इस संबंध में मंदाकिनी की मदद कैसे करेंगे ?

(1) मंदाकिनी को अपनी नोटबुक में दस बार काल लिखने के लिए कहेंगे
(2) व्याकरण के नियम समझाएँगे या लिखवाएँगे
(3) उसे कालों के नियम अच्छी तरह से कंठस्थ करने के लिए कहेंगे
(4) उसे जीवन की वास्तविक परिस्थितियों से जुड़े उदाहरण प्रस्तुत करेंगे जिनमें वह कालों का प्रयोग कर सके

**147.** आपको कक्षा में विमर्श करना बहुत अच्छा लगता है क्योंकि :

(1) यह शिक्षार्थियों के योगदान को महत्त्व नहीं देता है।
(2) यह वाक् में स्पष्टता और विशिष्टता प्रदान करता है।
(3) यह आपको अध्यापक होने की सत्ता प्रदान करता है।
(4) यह शिक्षार्थियों को चिंतन करने के लिए शायद ही प्रेरित करता है।

**148.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य वायगोत्सकी और पियाज़े के सिद्धान्त के मध्य महत्त्वपूर्ण अन्तर पर प्रकाश डालता है ?

(1) यह समझना कि अधिगम एक सरल/जटिल प्रक्रिया है
(2) यह समझ कि बच्चे सक्रिय/निष्क्रिय रूप से शुरुआत करते हैं
(3) भाषा और विचार के मध्य संबंध
(4) अर्थ-निर्माण की प्रक्रिया में बच्चों की रचनात्मक/वस्तुपरक भूमिका

**149.** आपकी कक्षा का एक विद्यार्थी राकेश अकसर काल रूप की ग़लतियाँ करता है। इस समस्या से उबरने के लिए आप :

(1) राकेश को अपनी नोटबुक में दस बार नियम लिखने के लिए कह सकते हैं।
(2) उसे व्याकरण के नियम समझा सकते हैं।
(3) समूची कक्षा में कई उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं और राकेश पर विशेष ध्यान दे सकते हैं।
(4) राकेश को नियम सिखाने के लिए डाँट सकते हैं।

**150.** चुनौती बाधित कुछ बच्चों ने एक नए विद्यालय में प्रवेश लिया। अध्यापकों ने भिन्न-भिन्न प्रकार से अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कौन-सी प्रतिक्रिया समावेशी शिक्षा की अवधारणा को प्रतिबिम्बित करती है ?

(1) "ओफ्फो ! ये बच्चे कक्षा के दूसरे बच्चों के साथ कैसे घुल-मिल पाएँगे ?"
(2) "ओफ्फो ! मैं ऐसे बच्चों को कैसे पढ़ा सकती हूँ जो सुन ही नहीं सकते ?"
(3) "अरे ! इन बच्चों के लिए तो एक पृथक अनुभाग होना चाहिए।"
(4) "अरे वाह ! इस तरह से बच्चों को एक-दूसरे की मदद करने व सहयोग करने के अच्छे अवसर मिलेंगे।"

## SPACE FOR ROUGH WORK

## रफ कार्य के लिए जगह

# SPACE FOR ROUGH WORK

# रफ कार्य के लिए जगह

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the OMR Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the OMR Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and OMR Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and OMR Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/OMR Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the Examination Hall/Room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their OMR Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the OMR Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left-hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and OMR Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator in the Room/Hall.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस OMR उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक OMR उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं OMR उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं OMR उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/OMR उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, काग़ज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना OMR उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने OMR उत्तर-पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अँगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा-हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और OMR उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व OMR उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें।** ***परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***